हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 29 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री



12 उपभोक्ता का लाभ व्यापारी का गर्व अभियान के पदाधिकारी जीएसटी अधिकारी से मिले



13 समाज में समरसता बनाए रखने का आह्वान किया पूर्व मंत्री साहू ने



## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।

## कोर्ट में पुलिस नहीं कर पा रही है समय पर चालान प्रस्तुत

# सरकारी अस्पतालों में एक माह से रुकी 257 एमएलसी व 51 पीएम रिपोर्ट

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

सरकारी अस्पतालों में रेडियोग्राफर का ऐसा टोटा हो गया है कि कोर्ट में पुलिस विभाग को चालान प्रस्तुत करने में दिक्कतें आने लगी है। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला सहित 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पिछले एक माह से 257 एमएलसी और 51 पोस्ट मार्टम रिपोर्ट रूका पड़ा है। खास बात यह है कि पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एमएलसी रिपोर्ट ऑनलाइन जनरेट करना है। ये रिपोर्ट पुलिस विभाग के मीडियापीआर पोर्टल में जनरेट करना है लेकिन दोनों की रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### पुलिस विभाग को इस तरह हो रही है दिक्कतें

#### साक्ष्य संकलन में परेशानी

1 पुलिस विभाग के लिए किसी भी एमएलसी प्रकरण या हत्या के मामले में साक्ष्य संकलन करने में पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्रमुख आधार होता है। डॉक्टरी रिपोर्ट कोर्ट में एक मुख्य डिविवेंस के रूप में होती है। इसके अभाव में संबंधित थाने में मामले पेडिंग में हो गए हैं।



#### 90 दिवस में चालान पेश है करना

2 पुलिस विभाग को एमएलसी प्रकरणों में 60 दिन हत्या मामलों में 90 दिन के भीतर कोर्ट में चालान प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। महीनेभर से रिपोर्ट नहीं मिलने से 30 दिन ऐसे ही निकल गए। शेष दिनों में चालान पेश नहीं कर पाए तो मामले का खात्मा हो सकता है। पुलिस विभाग की छवि भी धूमिल हो सकती है।

### जिला अस्पताल में 42 एमएलसी और 8 पोस्टमार्टम रिपोर्ट रुकी

दुर्ग जिला अस्पताल में सबसे ज्यादा एमएलसी प्रकरण व पोस्टमार्टम किए जाते हैं। जिला अस्पताल में पिछले एक महीने से 42 एमएलसी प्रकरण रूका पड़ा है। यहां 8 मामले की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी डंप हैं। एक महीने से जिला अस्पताल में एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं। जिसकी वजह से पहले की रिपोर्ट में हस्ताक्षर करने वाले डॉक्टर नहीं हैं और आने वाली रिपोर्ट तैयार नहीं हो पा रही है।

### सिविल अस्पताल सुपेला में सबसे ज्यादा एमएलसी व पीएम रूका

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में सबसे ज्यादा एमएलसी रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट रूका हुआ है। इस अस्पताल में 121 एमएलसी केस और 30 पोस्टमार्टम रिपोर्ट रूके हुए हैं। इस अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर नहीं है। जो डॉक्टर पीएम ड्यूटी कर रहे हैं वे भी रिपोर्ट तैयार करने में देरी कर रहे हैं।

### जिले के 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 94 एमएलसी डंप

पुलिस विभाग द्वारा जिस थाना क्षेत्रों में घटना-दुर्घटना या हत्या होती हैं वहां से संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ये प्रकरण जाते हैं। जिले में 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं जहां संबंधित थाने से मामले भेजे गए हैं। इन स्वास्थ्य केंद्रों में 94 एमएलसी प्रकरण रूके पड़े हैं। इसी तरह 11 पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस विभाग को नहीं मिली है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सबसे ज्यादा उतई में लंबित हैं। यहां 33 एमएलसी केस और 3 पोस्टमार्टम रिपोर्ट सीएचसी ने नहीं दिया है।

इस तरह अस्पतालों में पीएम और एमएलसी प्रकरण रूके

| अस्पताल | एमएलसी | पीएम |
|---|---|---|
| जिला अस्पताल | 42 | 08 |
| सिविल अस्पताल सुपेला | 121 | 30 |
| चंदूलाल मेडिकल कॉलेज | 01 | 04 |
| सीएचसी अहिवारा | 05 | 00 |
| सीएचसी बोरी | 19 | 00 |
| सीएचसी धमधा | 07 | 02 |
| सीएचसी पाटन | 04 | 03 |
| सीएचसी कुम्हारी | 20 | 00 |
| सीएचसी निकुम | 01 | 00 |
| सीएचसी पाटन | 03 | 01 |
| सीएचसी झीट | 01 | 00 |

नोटः ये लंबित रिपोर्ट 24 सितंबर तक की है।

#### नहीं मिल रही रिपोर्ट

नए कानून 2023 में आईसीजेएस पोर्टल पुलिस विभाग, जेल, अभियोजन, एफएसएल सहित स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं का डाटा आदान-प्रदान करने बनाया गया है। जिसके तहत मीडीयापीआर पोर्टल में पीएम रिपोर्ट, एमएलसी रिपोर्ट ऑनलाइन जनरेट किया जाना है। एक महीने से लगातार एमएलसी व पीएम रिपोर्ट भेजे जा रहे हैं लेकिन संबंधित अस्पतालों द्वारा निर्देशों का परिपालन नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से साक्ष्य संकलन व समय अवधि में चालान पेश करने में दिक्कतें आ रही है। हमने कलेक्टर को इस संबंध में पत्र लिखा है।

-विजय अग्रवाल, सीएसपी

#### जल्द ही कर लेंगे पूरी

जिला अस्पताल से पीएम रिपोर्ट पूरी कर ली गई है। एमएलसी प्रकरण ही पेंडिंग हैं। वर्क लोड डॉक्टरों पर ज्यादा है। दो-तीन दिन में इसे पूर्ण करवा लेंगे।

-डॉ. एके मिंज, सिविल सर्जन जिला अस्पताल दुर्ग

## दुर्गा पंडाल के सामने हाईवा ने बच्चे को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



सुपेला थाना अंतर्गत फरीद नगर लाल मैदान के पास लगे एक दुर्गा पंडाल में आरती के दौरान आए एक तेज रफ्तार हाइवा ने 12 साल के बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक चालक बच्चे को अपने साथ घसीटते हुए ले गया, इससे उसका हाथ शरीर से अलग होकर गिर गया। सुपेला पुलिस से पता चला कि डेरा बस्ती के पास लगे माता के पंडाल में रविवार शाम 6-7 बजे के बीच आरती का आयोजन हो रहा था। वहां डेरा बस्ती व आसपास के लोग पहुंचे थे। इसी दौरान हाइवा क्रमांक सीजी 10 सी 5526 तेज रफ्तार में आया और सूर्या धुर्वे नाम के बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। बच्चा हाइवा के ना रुकने से उसके साथ घिसटते हुए काफी दूर तक गया। इससे उसका एक हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। कुछ दूर आगे जैसे ही भीड़ के चलते हाइवा रुका लोगों ने उसे घेर लिया और चालक को जमकर पीटा और हाइवा में तोड़फोड़ की।

लोगों ने घायल बच्चे को स्पर्श हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं हाइवा चालक को लोगों से बचाया और उसे सुपेला अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप



दुर्घटना से लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जिस जगह माता का पंडाल है वहां पुलिस का बेरीकेट्स लगा था। आरती के समय वो लोग सड़क में बेरीकेट्स लगा देते थे, जिससे कोई वाहन नहीं आता था। एक दिन पहले पुलिस की गाड़ी आई और सभी बेरीकेट्स अपने साथ ले गई। लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश है कि यदि वो बेरीकेट्स नहीं हटाती तो यह दुर्घटना नहीं होती।









## दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने जीएसटी दरों में हुए सुधार का बाजारों में देखी स्थिति

दुर्ग। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली आज़ाद मार्केट व टंकी मरोदा मार्केट पहुंचकर ज़रूरत के सामान खरीदे और जीएसटी दरों में कमी का लाभ लिया। उन्होंने खरीदारी कर रही गृहिणियों से घरेलू बजट पर आए असर की जानकारी



ली, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से उनकी दिनचर्या के बारे में पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने खरीददारों से चर्चा करते हुए जीएसटी सुधारों पर लोगों के विचार सुने। उन्होंने खुद भी सामान खरीदा और नई कीमतें देखकर कहा यह सुधार केवल कागज पर नहीं, बल्कि हर परिवार की ज़िंदगी में दिखाई देने वाला परिवर्तन है। राजू राकेश जंघेल अनुपम साहू, सचिन गोस्वामी, प्रेमचंद साहू, दशरथ साहू, सोनू राम सिंह, पुरेन्द्र साहू,राजू राम सिंह,परमेश्वर महिलांगे, सुनील साहू, अजीत चौधरी आदि मौजूद थे।

## गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के आदेशानुसार 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट, बार, होटल-बार, भण्डारण भाण्डागार भिलाई को 2 अक्टूबर को पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए हैं।


## शासकीय सेवकों की ई-केवाईसी के लिए अंतिम तिथि 30 तक

**दुर्ग।** कोष एवं लेखा संचालनालय द्वारा समस्त शासकीय सेवकों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया गया है। इसके तहत सभी शासकीय सेवकों को इम्प्लाई कॉर्नर एप अथवा इम्प्लाई कॉर्नर पोर्टल के माध्यम से अपने प्रोफाइल को कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल में अद्यतन (अपडेट) करना अनिवार्य किया गया है। शासकीय सेवकों द्वारा इस मॉड्यूल के उपयोग हेतु उनका ई-केवाईसी किया जाना अनिवार्य है। संचालनालय द्वारा पूर्व में सभी विभागों को इस कार्य के लिए मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी की गई थी और समस्त विभागों को इस कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने कहा गया था किंतु आजतक यह कार्य पूरा नहीं किया गया है।

---

**नवरात्रि के सातवें दिन की देवी**

# सप्तमी पर माँ कालरात्रि की आराधना से दूर होंगे सारे भय और बाधाएँ



**शारदीय नवरात्र के सातवें दिन सम्पूर्ण भारतवर्ष में माँ दुर्गा के सातवें स्वरूप "माँ कालरात्रि" की आराधना श्रद्धा और भक्ति भाव से की जा रही है। प्रातःकाल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माँ कालरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना कर अपने जीवन से संकटों के नाश की कामना की।**

### भय और अंधकार की विनाशिनीः माँ कालरात्रि

नवरात्रि के सप्तमी तिथि को देवी दुर्गा का सबसे उग्र रूप – माँ कालरात्रि की पूजा की जाती है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, देवी का यह स्वरूप अज्ञान, पाप और सभी प्रकार के भय का अंत करने वाला है। उनका नाम भले ही 'कालरात्रि' हो, लेकिन भक्तों के लिए वे कल्याणकारी और सुखदायक हैं।

धार्मिक मान्यताओं में कहा गया है कि माँ कालरात्रि की साधना करने से जीवन की तमाम बाधाएं समाप्त हो जाती हैं। विशेष रूप से शनि, राहु, केतु आदि ग्रहों की प्रतिकूलता से पीड़ित व्यक्तियों के लिए यह दिन अत्यंत फलदायी होता है।

### ऐसा है माँ कालरात्रि का रूप

पुराणों के वर्णन के अनुसार, माँ कालरात्रि का स्वरूप अत्यंत भयावह किन्तु दिव्य होता है। उनका रंग काजल के समान काला है। बाल बिखरे हुए, गले में बिजली की तरह चमकती माला, हाथों में खड्ग और वज्र धारण किए हुए, और वे गर्दभ (गधे) पर सवार होती हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह रूप बुराई और अज्ञान पर देवी की कठोरता का प्रतीक है, जबकि उनके अभय और वरमुद्रा वाले हाथ भक्तों को सुरक्षा और आशीर्वाद का आश्वासन देते हैं।

### रात्रि पूजन में उमड़े हजारों श्रद्धालु

शहर के सभी मंदिरों दुर्गाकुंड, संकटमोचन मंदिर, और स्थानीय दुर्गा पंडालों में सप्तमी की रात विशेष पूजन और दुर्गा सप्तशती का पाठ आयोजित किया गया। माँ कालरात्रि को गुड़, तिल और नारियल का भोग अर्पित किया गया।

मंदिरों में कतारबद्ध श्रद्धालुओं ने "जय माँ कालरात्रि" के जयघोष के साथ दीप जलाए। महिलाओं ने उपवास रखकर कन्या पूजन भी किया।

### तंत्र दोष और भय से मुक्ति देती हैं माँ कालरात्रि

माँ कालरात्रि की उपासना करने से जीवन में अचानक आने वाली बाधाएँ, भूत-प्रेत बाधा, तंत्र-मंत्र के कुप्रभाव और भय समाप्त हो जाते हैं। यह दिन साधना और आत्मबल को जाग्रत करने का श्रेष्ठ अवसर है।"

### कैसे करें माँ कालरात्रि की आराधना

पंडितों की मानें तो माँ कालरात्रि की पूजा रात्रि में की जाए तो विशेष फलदायक होती है। घर पर साधारण रूप से इन विधियों का पालन किया गया– सुबह स्नान कर काले या नीले वस्त्र धारण किए गए।

पूजा स्थान पर माँ कालरात्रि की प्रतिमा स्थापित की गई। तिल, गुड़, नींबू और काले फूलों से पूजन किया गया। "ॐ कालरात्र्यै नमः" मंत्र का जाप 108 बार किया गया। रात में दीप दान और दुर्गा सप्तशती का पाठ कर माता से आशीर्वाद की प्रार्थना की गई।

- रात्रिकालीन पूजा करें
- काले रंग की वस्तुएं चढ़ाएं
- "ॐ कालरात्र्यै नमः" मंत्र का जाप करें
- गुड़ का भोग लगाएं
- कन्या पूजन की शुरुआत आज से करें
- चुपचाप दान करें
- घर में नींबू या फिटकरी रखें
- सप्तमी व्रत रखें
- रोग निवारण के लिए काली हल्दी रखें
- माँ के समक्ष दीपक की लौ न बुझने दें
- अपनी बुरी आदतों का त्याग करने का संकल्प लें

### क्या है आध्यात्मिक संदेश?

माँ कालरात्रि का रूप हमें यह सिखाता है कि जीवन में चाहे कितना भी अंधकार हो, यदि आस्था और आत्मबल साथ हो तो हर भय पर विजय पाई जा सकती है। यह देवी का रूप अज्ञान और अधर्म का नाश करने वाला है और ज्ञान तथा सत्य की ओर प्रेरित करता है।















## खबर संक्षेप



### ज्योति कलश से जगमगाया सरस्वती मंदिर प्रांगण

**अंडा।** ग्राम भोथली में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर जय भारत सरस्वती उत्सव समिति एवं समस्त ग्राम वासी के तत्वावधान में मां सरस्वती मंदिर प्रांगण में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित की गई। ग्रामवासियों द्वारा 20 ज्योति कलश जलाए गए हैं। जिस अवसर पर ज्योति प्रज्वलन के लिए क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू, पूर्व जनपद सभापति विक्की मिश्रा, सरपंच नेमिन खुटेल, पूर्व सरपंच रमेश कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

### सेवा पखवाड़ा में लगाया निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर

**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस महात्मा गांधी एवं शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 22 सितंबर को ग्राम अंडा के उप स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा अण्डा -निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख के नेतृत्व स्वास्थ्य शिविर दंत चिकित्सा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक शिवेंद्र परिहार, शिव चंद्राकर, संतोष सोनी, अनूप गटागट, जवाहर जैन, महामंत्री पुरान देशमुख ,सेवा पखवाड़ा मंडल की टोली से पुकेश चंद्राकर, भैया लाल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन आदि उपस्थित थे।

### शिविर में दांतों का उपचार



**जामगांव आर।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल जामगांव आर द्वारा मंडल स्तरीय निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन प्राथमिक शाला सुरपा में किया गया। रूंगटा डेंटल कॉलेज भिलाई के सहयोग से निःशुल्क चलित दंत चिकित्सा शिविर में 80 लोगों ने लाभ लिया। शिविर में मंडल महामंत्री निर्मल जैन एवं पूर्णेन्द्र सिन्हा, कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद जैन, जनपद सभापति रवि सिन्हा, सेवा पखवाड़ा संयोजक जिनेश जैन, सह-संयोजक लुभम बंछोर, सरपंच सुरपा चंद्रहास साहू तथा सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष बेनीराम साहू का सराहनीय योगदान रहा।

### मनाया वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे




**उतई।** प्रिज्म संस्थान के फार्मेसी विभाग ने वर्ल्ड फर्मासिस्ट डे पर पौधारोपण किया। प्राचार्य सीमा कश्यप के मार्गदर्शन में फार्मा फैकल्टी खिलेंद्र कुमार ठाकुर, आकाश चन्द्रवंशी और लक्ष्मीकांत साहू की उपस्थिति में मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख रूपेश कुमार गुप्ता तथा अतिथि डायरेक्टर ख्याति साहू , असीम साहू और प्राचार्य डॉ अंजना शरद ने भागीदारी दी।

### सोनी का कार्यक्रम कल

**अंडा।** नवरत्न दुर्गा उत्सव समिति मिलपारा अंडा के तत्वावधान में कुवांर नवरात्रि के शुभ अवसर पर 30 सितम्बर रात 10 बजे सुनील सोनी का सास्कृतिक कार्यक्रम रखा गया हैं। नवरत्न दुर्गा उत्सव समिति के सभी सदस्य गणों ने उपस्थिति की अपील की है।



## निधन

### ओबैदुल्लाह सिद्दीकी

**भिलाई।** बिहार बूट हाउस जवाहर मार्केट कैंप 02 के संचालक और ईदगाह चौक फरीदनगर भिलाई निवासी ओबैदुल्लाह सिद्दीकी (89) का रविवार की सुबह 8:30 के करीब इंतकाल हो गया। दोपहर में कब्रिस्तान हैदरगंज में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। जहां उन्हें आखिरी विदाई देने बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे। वे अपने पीछे बेटों परवेज अशरफ, जमील अशरफ कफील और शकील सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



---

### कोनारी में कमला सदन लोकार्पण एवं दाउ उत्तम साव की पुण्य तिथि संस्मरण का आयोजन

# समाज में समरसता बनाए रखने का आह्वान किया पूर्व मंत्री साहू ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**कलश यात्रा के साथ भगवान कृष्ण-माता कर्मा की प्राणप्रतिष्ठा**




तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के कार्यालय भवन में श्रीकृष्ण माता कर्मा मूर्ति का प्राणप्रतिष्ठा व कमला सदन का लोकार्पण एवं दाऊ उत्तम साव पुण्य तिथि संस्मरण का आयोजन रविवार को किया गया।

कार्यक्रम सुबह समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली साथ ही भगवान कृष्ण-माता कर्मा की प्राणप्रतिष्ठा ग्राम पुरोहित ने की। साथ ही दाऊ उत्तम साव एवं स्व. कमला देवी साहू के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद ताम्रध्वज साहू ने कहा की आज स्व. धर्मपत्नी की स्मृति में नव निर्मित कमला सदन समाज जनों को समर्पित कर रहा हूं भवन को हमेशा अच्छे कार्यों के लिए उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को त्यागकर हम सबको मिलकर आगे बढ़ना होगा। हर गांव में सामाजिक समरसता बनी रहे, इसका भी सबको ख्याल करना होगा। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू कहा की साथ मिलकर सामाज के हित में काम करने की बात कही साथ ही उन्होंने समाज में राजनीति नहीं होना चाहिए तभी हमारा समाज एक ससशक्त समाज बनेगा। अन्य वक्ताओ ने भी अपनी अपनी उद्बोधन में समाज हित की बाते कही। सभी अतिथियों को प्रतिक चिन्ह प्रदान कर तहसील साहू संघ द्वारा सम्मानित किया गया।

आयोजन में अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ डॉ. नीरेन्द्र साहू, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, नंदलाल साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू,पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू, अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड जितेन्द्र साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड दीपकताराचंद साहू, पूर्वअध्यक्ष जिला सहकारी, विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग श्रद्धा साहू, सभापति जिला पंचायत दुर्ग प्रिया साहू,सरपंच ग्राम पंचायत कोनारी गुंजेश्वरी पारख जौहरी, अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन दिनेश साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग शहर पोषण साहू,अध्यक्ष तहसील साहू संघ धमधा श्यामलाल साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ अहिवारा ढालसिंह साहू, तहसील अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण पूसऊ राम साहू, महासचिव उमाशंकर साहू सहित तहसील साहू संघ,समस्त परिक्षेत्रीय साहू, समस्त ग्रामीण साहू समाज उपस्थित थे। संचालन द्रोपती साहू ने किया। उक्त जानकारी तहसील साहू संघ के राजेन्द्र कुमार साहू ने दी।

---

### कौही सांस्कृतिक सम्मेलन में जुटे ग्रामीण



**पाटन।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर न्यू आनंद बाल समाज दुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासी कौही के सहयोग से बजरंग चौक में मातारानी दुर्गा की भव्य मूर्ति स्थापित की गई है। समिति के द्वारा भव्य सांस्कृतिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग ने किया। अध्यक्षता सरपंच लीना साहू ने की। विशेष अतिथि रमन टिकरिहा पूर्व सभापति जप,मनोरमा टिकरिहा पूर्व सरपंच, डॉ.नोहर साहू पूर्व जनपद प्रतिनिधि, हेमलाल सोनकर उपसरपंच,संतराम निषाद, तुलाराम साहू, रामकुमार सोनकर, राजेश तिवारी, मूलचंद साहू ने मातारानी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली की मंगलकामना की। इस अवसर पर मिंटू तिवारी,सोमेश्वर ठाकुर,कृष्ण कुमार सोनकर,ओज़श शर्मा, लवण ठाकुर, शिवकुमार पांडे, तिलोचन साहू, सुखचैन निर्मल, अमरसिंह निषाद, नारायण सोनकर, जयप्रकाश पांडे, लोकेश्वर साहू, किशोर सोनकर आदि उपस्थित थे।

### अंजोरा भाजपा मंडल में याद किया उपाध्याय को



**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी सेवा पखवाड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती अंजोरा मंडल के विभिन्न बूथो में मनाई गई। जिसमें ग्राम अंजोरा,ग्राम महमराएवम ग्राम गनियारी में हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजोरा मंडल सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक एवम मंडल उपाध्यक्ष शिव निषाद , पूर्व जनपद अध्यक्ष तीरथ यादव, अंजोरा बूथ अध्यक्ष हरी राम सारथी, अवध राम ठाकुर,भोज देवागन, खोमनाथ निषाद, दानेश्वर निषाद, गणेश यादव, महमरा बूथ 29 अध्यक्ष खेमलाल साहू आदि उपस्थित थे।

# तलवारबाज़ी में सेजस जंजगिरी के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



भिलाई में 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता फेंसिंग (तलवारबाज़ी) खेल में दुर्ग, रायपुर, बस्तर, बिलासपुर, सरगुजा संभाग के खिलाडियों ने भाग लिया एवं अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं 19 वर्ष आयु के बालक व बालिका वर्ग में अनेक पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिता का उदघाटन विजय बघेल सांसद दुर्ग ने किया और समापन विधायक गजेन्द्र यादव स्कूल शिक्षा मंत्री ने किया । उक्त प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के 12 बालक व 12 बालिका फेंसिंग खिलाडियों ने भाग लिया जिसमे 10 खिलाडी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जंजगिरी से थे । सभी खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया है जिनमे 19 वर्ष बालक वर्ग प्रियांशु नरेश शर्मा ने फॉयल व्यक्तिगत इवेंट में दूसरा स्थान एवं फॉयल टीम इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्यांश साहू ने फॉयल व्यक्तिगत इवेंट में तीसरा स्थान एवं फॉयल टीम इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। थालेश्वर साहू ने फॉयल व्यक्तिगत इवेंट में पाँचवा स्थान एवं फॉयल टीम इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मयंक साहू ने ईपी व्यक्तिगत इवेंट में दूसरा स्थान एवं ईपी टीम इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिगेश्वर साहू ने सेबर व्यक्तिगत इवेंट में सातवाँ स्थान एवं सेबर टीम इवेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। 19 वर्ष बालिका वर्ग दुलारी साहू ने फॉयल व्यक्तिगत इवेंट में पाँचवा स्थान एवं फॉयल टीम इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया ।डॉली साहू एवं सुरेन्द्र साहू ने फॉयल व्यक्तिगत इवेंट में सातवाँ स्थान एवं फॉयल टीम इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया । डॉली साहू एवं रिखीराम साहू ने फॉयल व्यक्तिगत इवेंट में आठवां स्थान एवं फॉयल टीम इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। तनूजा साहू ने ईपी व्यक्तिगत इवेंट में प्रथम स्थान एवं ईपी टीम इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लीना साहू ने सेबर व्यक्तिगत इवेंट में तीसरा स्थान एवं सेबर टीम इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

फेंसिंग (तलवारबाज़ी) में व्यक्तिगत इवेंट में प्रथम से चतुर्थ आने वाले सेजस जंजगिरी की तनूजा साहू, लीना साहू, प्रियांशु नरेश शर्मा, दिव्यांश साहू, एवं मयंक साहू पांच खिलाडियो का चयन नवम्बर में मणिपुर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हुआ।

### स्वामी आत्मानंद जंजगिरी से शामिल हुए 10 खिलाड़ी

दुर्ग संभाग के बालक प्रशिक्षक निखिल कुमार जांभुलकर (स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जंजगिरी एवं दल प्रबंधक के रूप में अल्ताफ अली पीटीआई शा.उ.मा.वि. कुरूद ने नेतृत्व किया। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडी आगामी राष्ट्रीय शालेय फेंसिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे । खिलाडियों की इस उपलब्धि पर संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग आर. एल. ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग अरविन्द मिश्रा, कल्पना स्वामी सहायक क्रीडा अधिकारी कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग, तनवीर अकील सहायक जिला क्रीडा अधिकारी दुर्ग, अमित घोष सांख्यिकीय अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग, विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमधा अथर्व शर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमधा कैलाश साहू, रूपेश कुमार साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति सेजस जंजगिरी, समस्त सदस्य शाला विकास समिति सेजस जंजगिरी, लोकेश कुमार साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 23, प्राचार्य मिनी गोपीनाथन, वरिष्ठ व्याख्याता उषा सिंह दुबे व रत्न्सुधा रामटेके, तृप्ति सिंह, प्रधान पाठिका अंग्रेजी माध्यम अंजना रॉय सहित समस्त शिक्षकों , शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों ने बधाई दी है।

# प्राथमिक शाला अमलेश्वर का हाल-बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



■ परिसर में भर जाता है बारिश का पानी, गंदी जगह पर बैठकर बच्चे करते हैं भोजन

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र अंतर्गत बजरंग पारा प्राथमिक शाला अमलेश्वर का हाल-बेहाल है। असुविधाओं के बीच बच्चे शाला आ रहे हैं। स्कूल परिसर में साफ सफाई नहीं हो रही है। जिससे घास फूस उग गए हैं।इससे जहरीले जीव जंतु का भी डर बना रहता है । वही पूरा परिसर में बारिश के समय पानी भर जाता है। आस पास मकान बनने के कारण स्थिति निर्मित हुई है। जिसकी निकासी की व्यवस्था नहीं है और न ही की जा रही है। पानी भरने के कारण खाना बनाने वाली रसोईयो को भी बहुत ज्यादा परेशानी होती है।कभी कभी तो खाना को एक जगह से दूसरा जगह लाना ले जाना पड़ता है। उस समय कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है जिससे खाना ही खराब हो गया है। वही विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए गए वृक्षारोपण भी नजर नहीं आ रही है। कुछ पौधे ही जीवित हैं बाकी सब नष्ट हो गए है। बरसात में भी पौधे का देख रेख नहीं हो पाई तो गर्मी में बचे पौधे भी नष्ट हो जाएंगे। नगर वासियों का कहना है कि सरकारी स्कूल है तो हम लोगों को सुविधा मिलेगी ऐसा सोचा था लेकिन किसी भी प्रकार की कोई सुविधा बच्चों को नहीं मिल रही है। इस पर शिक्षा अधिकारी वा जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं। स्कूल में जल भराव की स्थिति का हल नहीं है। इस पूरे मामले से खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे भी अवगत है लेकिन स्थिति आज भी जस की तस है।

## आस्था पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं : ठाकुर

**पाटन।** बजरंग दल ने संयोजक अवधेश सिंह ठाकुर सनी ठाकुर के नेतृत्व में पाटन थाने में ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में कहा गया कि स्थानीय प्रतिष्ठान द्वारा सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी की गई है, जिससे धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह केवल देवी-देवताओं का अपमान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और आस्था पर सीधा हमला है। संगठन ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि आरोपी पर शीघ्र ही कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो बजरंग दल उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष राधे यादव, संयोजक नितेश तिवारी, संरक्षक नारायण पटेल, बजरंग दल संयोजक अवधेश सिंह सनी ठाकुर, आलोक पांडेय, अविनाश मिश्रा, गुलशन सोनी, जी.एस. गोलू, ओमप्रकाश वर्मा, देवेश निषाद, नवीन साहू, कुनाल प्रजापति, राजा सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बिजनेस साइट

### कांती ज्वेलर्स में उपहार जीतने का सुनहरा अवसर




**भिलाई।** सिरसा रोड चांदनी चौक भिलाई में संचालित कांती ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए नवरात्रि एवं दिपावली के शुभ अवसर पर उपहारों की बरसात एवं दिवाली धमाका ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि खुशियों के रंग कांती ज्वेलर्स के संग के तर्ज पर ग्राहकों के लिए कई प्रकार के आकर्षक उपहारों का ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स 17 वर्षों से ग्राहकों की सेवा में लगा हुआ है। 22 सितंबर से 25 हजार की खरीदी पर लक्की ड्रा कूपन दिया जा रहा है। कूपन का ड्रा 1 जनवरी 2026 को खोला जाएगा जिसमें विशेष आकर्षक उपहार ग्राहकों को दिया जाएगा। कांती ज्वेलर्स की स्वर्ण एवं चांदी संचय योजना के तहत 1 हजार, 2 हजार, 5 हजार के 12 माह के आसान किस्तों में उपलब्ध है। जमा करने से 1 माह छूट मिलेगा। दिवाली धमाका ऑफर 25 एवं 26 सितंबर को है। कांती ज्वेलर्स में डायमंड, सोना, चांदी के आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध है साथ ही राशि रत्न भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कांती ज्वेलर्स दुकान में संपर्क किया जा सकता है।

---


## क्वांर नवरात्रि पर नवदुर्गोत्सव की धूम



उतई। नवदुर्गा धार्मिक युवा उत्सव समिति घुघसीडीह।



जामगांव आर। नव युवा दुर्गोत्सव समिति बजरंग चौक बटरेल



सेलूद। सार्वजनिक नव दुर्गोत्सव समिति आदर्श क्लब बाजार चौक सेलूद।



सेलूद। नवयुवक शक्ति क्लब दुर्गोत्सव समिति बावाकुटी सेलूद।



उतई। नवदुर्गा उत्सव समिति भाठापारा मचांदुर।



उतई। ओम साई नव दुर्गा उत्सव समिति साई कालोनी उतई



उतई। सदभावना दुर्गा पूजा उत्सव समिति सदभवना चौक भाठापारा उतई।



उतई। जय अम्बे नवजागरण मित्र मंडल दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड डूमरडीह उतई।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मरीजों पर भारी पड़ रही जेएलएन हास्पिटल में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी

## इंटक ने सेल प्रबंधन से की सम्मानजनक बोनस एग्रीमेंट की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक ने बोनस को लेकर सेल प्रबंधन के एकतरफा कदम का कड़ा विरिध करते हुए सम्मानजनक बोनस एग्रीमेंट करने कर 32 हजार 5 सौ रुपए बोनस दिए जाने की मांग की है। कहा है कि ऐसा नहीं किए जाने से कर्मियों में आक्रोश बढ़ेगा और मनोबल गिरेगा। जेएलएन अस्पताल में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से मरीज परेशान हैं। रिटायर डाक्टरों की तरह पैरामेडिकल स्टाफ को भी रखा जाए।

यूनियन की कार्यकारिणी की हुई बैठक मे बैठक उच्च प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से 29500 रु बोनस कर्मचारियों के खाते में डालने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। पदाधिकारियों ने मांग किया कि सेल प्रबंधन जल्द बोनस बैठक कर एग्रीमेंट करते हुए सेल में एक स्वस्थ परंपरा कायम करे। बैठक में बीएसपी में इंसेंटिव स्कीम रिवाइज करने व अस्पताल के रिटायर पैरामेडिकल स्टाफ को भी रिटायर्ड डॉक्टर की भांति स्वास्थ्य केंद्र में रखने की मांग की गई। महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि सेल प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से कर्मचारियों के खाते में 29500 रु डाले जाने को सेल प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों का अपमान किया है। यदि बोनस बैठक में पहले दिन सहमति नही बनी तो प्रबंधन बेहतर तालमेल स्थापित रखने बोनस वार्ता करता सेल प्रबंधन को कोल इंडिया प्रबंधन से सीख लेनी चाहिए। जहां कोल इंडिया प्रबंधन ने नवरात्रि से पहले बोनस तय करने के लिए खुद ही हाईकोर्ट में गुहार लगाया एवं पांचो ट्रेड यूनियनो के साथ बैठक कर बेहतर बोनस समझौता किया।



### रिटायर डॉक्टरों की तरह पैरामेडिकल स्टाफ की करें भर्ती

उप महासचिव अनिमेष पसीने ने कहा कि बीएसपी में रिटायर हो चुके डॉक्टर को बहुत अच्छे मानदेय के साथ अस्पताल में रखा जा रहा है लेकिन पैरामेडिकल स्टाफ को नहीं लिया जा रहा है। पिछले वर्ष तक सीएसआर के तहत संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में बीएसपी से रिटायर फार्मासिस्ट एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ को लिया गया लेकिन इस बार प्रबंधन एच एल एल के माध्यम से पैरामेडिकल स्टाफ रख रहा है। इस भेदभावपूर्ण क्यों किया जा रहा है। रिटायर पैरामेडिकल स्टाफ को सी एस आर के तहत संचालित स्वास्थ्य केदो में रखने की मांग की। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि सहित अजय कुमार मार्टिन, गिरिराज देशमुख, सच्चिदानंद पांडे, धनेश प्रसाद, रमाशंकर सिंह, रेशम राठौर ज्ञानेंद्र पांडे राजकुमार के रमन मूर्ति सचिव ताम्रध्वज सिन्हा डी शंकर राजकुमार नायर गणेश कुमार सोनी विंसेंट परेरा विजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम जंजगिरी नाला में डूबने से युवक की मौत

**अंडा।** अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 3 किलोमीटर की दूरी ग्राम जंजगिरी नाले में युवक डूबने से मौत हो गई मृतक राजेंद्र प्रसाद ढीमर पिता पन्नालाल ढीमर 42 वर्ष रविवार की दोपहर 12 बजे के लगभग डूब गया। थाना प्रभारी डॉ. भानुप्रताप साव के निर्देश पर एसआई सुन्दर लाल नेताम ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को नाला से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल दुर्ग भेजा। अंडा पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### सीमन्तोन्नयन संस्कार और नौ कुण्डी यज्ञ 30 को

**निकुम।** मां अंबे दुर्गा उत्सव नवयुवक मंडल ग्राम चिंगरी और शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ स्टेशन रोड दुर्ग के तत्वाधान में गर्भ उत्सव संस्कार (सीमन्तोन्नयन) एवं नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ 30 अक्टूबर महाष्टमी पर ग्राम पंचायत चिंगरी के समीप डोम शेड में आयोजित किया जा रहा है। पहली बार रिकॉर्ड 101 गर्भवती महिलाओं का गर्भ संस्कार किया जाएगा। कार्यक्रम के संरक्षक भुनेश्वर साहू ने बताया कि सभी माता के लिए पोषण किट तैयार की जा रही है और पूर्व में भी इस तरीके के आयोजन हुए हैं लेकिन इस बार लक्ष्य बड़ा है 101 महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा और पूरी जानकारी गायत्री शक्तिपीठ के विशेष प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से महिलाओं को दिखाया, बताया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। विशेष अतिथि आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य बेला यादव एवं सरपंच पुष्पा वाघमारे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ, विशिष्ट जन शामिल होंगे।

### मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**सेलूद।** ग्राम सेलूद में भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेलूद के भाजपा कार्यकर्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, महामंत्री कृष्ण कुमार साहू, शक्ति केंद्र संयोजक रमेश देवांगन, सेलूद के पूर्व सरपंच खेमिन साहू, टामन लाल साहू प्राधिकृत अधिकारी सोसायटी, वरिष्ठ कार्यकर्ता तुकाराम सेन, दाऊ महेश्वर बंछोर, बूथ अध्यक्ष उमेश राजू देवांगन, जयंत साहू आदि उपस्थित थे।

## तैयारी : रोजाना हजारों पर्यटकों की आमद को देखते हुए जानवरों के कैज में भी पेंटिंग

# सर्दियों के लिए संवर रहा मैत्रीबाग फुलवारियों में मौसमी फूलों की बहार


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सर्दियों के मौसम के करीब आते है मैत्रीबाग की रौनक बढ़ाने की तैयारी शुरु हो गई है। बारिश के चार माह बाद ठंडी के खुशगवार मौसम में यहां आने वाले हजारों सैलानियों के लिए प्रकृति से रुबरु होना एक रोमांचकारी अनुभव होगा। पर्यटकों को लुभाने के लिए प्रबंधन ने मैत्री गार्डन और चिड़ियाघर को आकर्षक तरीके से संवारने की कवायद शुरु कर दी है। लोगों को खूबसूरत मौसमी फूलों की इंद्रधनुषी रंगत के साथ वन्य प्राणियों की अधिक चंचलता दिखाई देगी।

उल्लेखनीय है बरसात के मौसम में मैत्रीबाग बैरौन था। चार महीने के बारिश के मौसम के चलते मैत्रीबाग आने वाले पर्यटकों की आमद कम रही वहीं पानी, कीचड़ और बरसाती खरपतवारों ने भी यहां की सुंदरता को कम कर दिया था। अब वर्षा का मौसम विदाई की ओर है और ठंडी के आते ही फिर से एक बार भिलाई दुर्ग सहित अंचल के सैलानियों की भीड़ बढ़ेगी। इसे देखते हुए उद्यानिकी विभाग ने पर्यटकों को रिझाने के लिए मैत्रीबाग को संवारना शुरु कर दिया है। ठंडी में यहां रोजाना दो से ढाई हजार लोग आते हैं। रविवार को सैलानियों की तादाद 5 हजार पहुंच जाती है। उद्यानिकी विभाग द्वारा यहां फुलवारियों और जू दोनों को आकर्षक बनाने की कवायद की जा रही है। ठंडी में खिलने वाले फूलों के पौधों को लगाने क्यारियां तैयार की जा रही हैं। इनमें सभी वेरायटी के गुलाब, डहेलिया, गेंदा, पैंजी, आस्टर, कैलेंडूला, पिटूनिया, फ्लास्क, सालविया आदि दो दर्जन से अधिक मौसमी फूलों के पौधे लगाए जाएंगे। इनके लिए छोटी छोटी क्यारियों के साथ नर्सरी लगाई जा रही है।

मिट्टी को पलट कर कंपोस्ट खाद डालने का काम चल रहा है। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन ने बताया कि क्यारियों का काम पूरा होते ही रोज गार्डन, कैंडल गार्डन, संकर लान व झील के निकट कारीडोर आदि चारों ओर अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में यह सभी मौसमी फूलों के पौधे लगा दिए जाएंगे। इनमें दिसंबर के अंत तक फूल खिलने लगेंगे। बीच बीच में शो प्लांट्स भी लगाने के साथ सभी लांनों को संवारा जा रहा है। गैंदा आदि कुछ फूलों के बीज मैत्रीबाग में ही तैयार किए जाते हैं।

### फ्लावर शो भी रहेगा आकर्षण का केंद्र





### स्कूली बच्चों की पिकनिक टीमों की धूम

आने वाले ठंडी के मौसम में मैत्रीबाग नन्हों पर्यटकों से गुलजार होगा। खुशनुमा मौसम के चलते परीक्षाओं के पूर्व भिलाई दुर्ग के अलावा आसपास के शहरो से यहां स्कूली बच्चों की पिकनिक टूरों का सिलसिला शुरु हो जाता है। नौनिहाल यहां खाते पीते हुए झूलों फिसलनपट्टी आदि का मजा लेते हुए खूबसूरत जानवरो व परिंदों का नजारा लेते हैं। हर साल हजारों बच्चे यहां ठंड के मौसम में आते हैं।

### चिड़ियाघर के केजों की भी पेंटिंग

मैत्रीबाग में फुलवारियों के साथ चिड़ियाघर को भी निखारा जा रहा है। पक्षियों और जानवरों के कैज की पेंटिंग की जाएगी। एनक्लोजर के सामने नेम प्लेट भी अपडेट किए जाएंगे। मेन गेट में पेंटिंग की जाएगी। इसके अलावा चिड़ियाघर में बरसात के मौसम में चारों तरफ उगे घास और खरपतवारों की भी सफाई कराई जा रही है। पेयजल की सुनिश्चितता व प्रसाधन को भी स्वच्छ रखे जाने कर्मियों को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि नव वर्ष पर 31 दिसंबर और फरवरी में फ्लावर शो में यहां पचास हजार लोग आते हैं।

# बच्ची की जान बचाने तैयार किया ग्रीन कॉरिडोर, खोए बच्चे को मिलाया उसकी मां से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मानवीयता के क्षेत्र में दो सराहनीय काम करने के चलते दुर्ग पुलिस चर्चा में है। पुलिस ने पहले एक बच्चे की जान बचाने के लिए नवरात्रि के भीड़भाड़ वाले माहौल में ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर उसे कम समय में रायपुर पहुंचाया। वहीं दूसरी तरफ भीड़ में खोए बच्चे को खोजकर उसकी मां से मिलवाया।

27 सितम्बर को दुर्ग स्थित एक निजी अस्पताल में 15 दिनों से भर्ती एक बच्ची भारती सिंह की हालत काफी गंभीर हो गई। उसे सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी। डॉक्टरों ने रायपुर बाल गोपाल उसे रेफर किया। सूचना मिलते ही दुर्ग ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी ने नवरात्रि महोत्सव के कारण दुर्ग-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी यातायात दबाव होने के बावजूद तत्काल ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर एम्बुलेंस को पुलिस वाहन द्वारा पायलटिंग प्रदान की और कम समय में उसे रायपुर अस्पताल पहुंचाया।

### 6 साल के बच्चे को खोजकर सुरक्षित पहुंचाया

25 सितम्बर 2025 को भिलाई के बीएसएनएल चौक, सेंट्रल एवेन्यू पर ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिस को 6 साल का बच्चा प्रणव ध्रुव मिला। पूछताछ कर उसके परिजनों का पता लगाया गया और आवश्यक सत्यापन के बाद उसे सुरक्षित रूप से परिवार को सुपुर्द किया गया।

### 11 साल के खोए बच्चे को मिलवाया उसकी मां से

इसी तरह 26 सितम्बर को नेहरू नगर हाईवे पर यातायात पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को एक 11 साल का लड़का मिला। पूछने पर उसने अपना नाम सतीश मरकण्डेय बताया। उसने बताया कि वह अपनी मां के साथ दुर्ग पूजा की झांकी देखने आया था और कहीं पर उससे बिछड़ गया है। बच्चे ने मां का जो मोबाइल नंबर बताया वो भी गलत था, लेकिन पुलिस ने उस अधूरे नंबर को कई बार ट्राई किया और उसकी मां का पता लगाकर बच्चे के बारे में सूचना दी। जब उसकी मां बताए स्थान पर पहुंची तो बच्चे से तप्तीश करने के बाद उसे उसकी मां के सुपुर्द किया गया।

# नदी में डूबा सातवीं का छात्र, लापता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ कुम्हारी थाना का मामला

दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना अंतर्गत घर से दोस्तों के साथ घूमने निकला 7वीं कक्षा का छात्र खारुन नदी में डूब गया। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम पहुंची।

रविवार को दिनभर रेस्क्यू करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। शाम हो जाने पर रेस्क्यू रोका गया है। एसडीआरएफ की टीम सोमवार को फिर से दोबारा खारुन नदी में तलाश करने उतरेगी। कुम्हारी थाना प्रभारी योगेन्द्र वर्मा ने बताया कि घटना शनिवार दोपहर 3 बजे की है। महामायापारा निवासी गजेन्द्र पटेल पिता नंद लाल पटेल (13 वर्ष) 7वीं कक्षा में पढ़ाई करता है। वह अपने तीन-चार साथियों के साथ घर से घूमने निकला था। वो लोग घूमते हुए खारुन नदी में बने अटारी एनीकट के पास पहुंचे। वहां पहुंचने पर गजेंद्र नहाने की बात करने लगा। देखते ही देखते उसने कपड़े उतारे और नदी में छलांग लगा दिया। तेज बहाव होने के चलते वो नदी में डूबने लगा। उसे डूबता देख उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव में आने से वो बह गया। उसके साथियों ने दौड़कर घर वालों को इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम दुर्ग से पहुंची, लेकिन अंधेरा हो जो के चलते वो नदी में नहीं उतरी। रविवार सुबह से एसडीआरएफ ने नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। दिनभर रेस्क्यू करने के बाद भी जब कुछ नहीं मिला तो टीम बाहर आ गई। सोमवार को फिर से रेस्क्यू शुरू कर खोज की जाएगी। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हेरोइन बेचने वाले चार आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



■ पहले हो चुके हैं 15 गिरफ्तार

दुर्ग पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने हेरोइन (चिट्टा) बेचने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। इससे पहले पुलिस ऐसे ही चिट्टा बेचने वाले 15 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नशे के खिलाफ मोहन नगर थाना और एसीसीयू की टीम ने मिलकर कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक दूसरे के सम्पर्क मे रहकर योजनाबद्ध तरीके से चिट्टा लाकर खरिदी बिक्री करते हैं। उनके द्वारा वाट्सअप कॉल के जरिए ग्राहकों से संपर्क किया जाता है और फिर ऑनलाइन पेमेंट लेकर तय जगह पर चिट्टा सप्लाई किया जा रहा था। जब पुलिस ने मुखिबर को अलर्ट किया तो पता चला कि ये लोग पंजाब राज्य से चिट्टा लाकर यहां बेच रहे हैं।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 28 सितंबर को 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम गगन कुमार दिवाकर निवासी जामुल, राहुल रामटेके निवासी कैम्प 1 छावनी, राजवीर सिंह उर्फ यश निवासी खुर्सीपार और भूपेन्द्र सिंह निवासी खुर्सीपार बताया। उन्होंने चिट्टा का नशा करना और उसे बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके पास से 3 मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसमें खरीदी बिक्री से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। सभी को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मकान में लगी देर रात आग, सामान खाक

**भिलाई।** भिलाई में वैशाली नगर थाना अंतर्गत रामनगर क्षेत्र में बीती देर रात एक मकान में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दुर्ग से फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। टीम ने आकर आग पर काबू पाया। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें 28 सितंबर को तड़के 4 बजे सूचना मिली थी कि सुपेला में आग लगी है। सूचना मिलते ही दमकल की टीम को रवाना किया गया। टीम जब पहुंची तो पता चला कि सुरेश नायडू के मकान में आग लगी है। अग्निशमन कर्मियों ने आग को बुझाने का काम शुरू किया। एक गाड़ी पानी की मदद से आग पर काबू पाया गया। यदि आग को समय पर नहीं रोका जाता तो आग और भी घरों में फैल सकती थी। आग से घर का सामान जलकर खाक हो गया है।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301




## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

# राज्यस्तरीय खेल में दुर्ग संभाग बना ओवर ऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2025 का समापन एसएनजी विद्यालय, सेक्टर-4, भिलाई में हुआ। प्रतियोगिता 25 सितम्बर प्रारंभ हुआ था, जिसमें सरगुजा, बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने की। 25वीं राज्य स्तरीय साल क्रीडा प्रतियोगिता में ऑल ओवर चैम्पियन का ख़िताब दुर्ग संभाग के नाम रहा।

अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी अपने जिलों में पुरस्कार लेकर पहुंचेंगे, उन्हें न केवल जिला शिक्षा अधिकारी बल्कि पूरा समाज सम्मानित करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि हार को कभी अंतिम नहीं मानना चाहिए, बल्कि प्रयास करते रहना चाहिए।



### ये प्रतियोगिताएं हुई

प्रतियोगिता में फेंसिंग, नेटबॉल, ट्रैक साइक्लिंग, लॉन टेनिस, जूडो और टेबल टेनिस (बालक, बालिका वर्ग) जैसे रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें राज्य भर के युवा खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में फेंसिंग बालक दुर्ग संभाग, फेंसिंग बालिका में रायपुर संभाग प्रथम पायदान पर रहे। इसी प्रकार नेटबॉल बालक, बालिका में दुर्ग, ट्रेक साइकलिंग बालक, बालिका में दुर्ग संभाग ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में लॉन टेनिस बालक, बालिका में रायपुर संभाग प्रथम स्थान पर रहा। जूडो बालक 14 वर्ष में दुर्ग संभाग, ऑल ओवर जूडो बालक, बालिका में बस्तर संभाग प्रथम पायदान पर, टेबल टेनिस बालक बिलासपुर संभाग और बालिका में दुर्ग संभाग ने प्रथम स्थान सुरक्षित किया। इस तरह समग्र प्रदर्शन के आधार पर ऑल ओवर चैम्पियन का ख़िताब दुर्ग संभाग के नाम रहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, राजनांदगांव, धमतरी व गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, अभिभावक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04



डीप नेक ब्लाउज में दिखेंगी स्टनिंग, अगर इन टिप्स को करेंगी फॉलो

## लाइव इवेंट

### दुर्गोत्सव मंच पर प्रादेशिक लोक नृत्यों की दी मनोहारी प्रस्तुतियां



**भिलाई।** लोक पर्वों के माध्यम से बच्चों और नागरिकों में राष्ट्रीय एकता व सद्भावना की मूल मानवीय भावनाओं के संचार के लिए श्रीश्री नवदुर्गा उत्सव समिति दक्षिण वसुंधरा नगर भिलाई 3 द्वारा बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें समिति के अध्यक्ष मनीष चंद्राकर, सचिव महेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष अनीश चंद्राकर, सांकृतिक प्रभारी राम कुमार वर्मा, सोनू यादव, राकेश शर्मा के संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, धन की देवी माता लक्ष्मी, अनुशासित बाइकर्स, धनुर्धारी श्रीराम, राधा कृष्ण, दुर्गा माता आदि के पारंपरिक परिधान में अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया। वहीं किरण वर्मा व प्रिया ठाकुर के मार्गदर्शन में श्रद्धा और सहेलियों द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य, स्टार लाइट ग्रुप द्वारा पंजाबी लोक नृत्य भांगड़ा, गिद्दा की मनोहारी प्रस्तुति की गई। इस मौके पर सुनंदा नासरे ने मराठी में माता के आराधना गीत, हेमीन वर्मा व कुमारी वंदना ने जसगीत प्रस्तुत की।

बच्चों की प्रतियोगिता को प्रोत्साहित करने के लिए मध्य रात्रि तक पालकों सहित काफी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। इस आयोजन में दुर्गा उत्सव समिति के संयोजक के.पी.बंछोर, के. के. दुबे, सुंदरलाल दुबे, मोतीराम सिवारे, भुवन लाल वर्मा, असित यादव, संजय चंद्राकर, मनजीत सिंह, ए.कुमार, टी.जी.कृष्णमूर्ति, तेजस्वी बंछोर, विवेक तिवारी, अभिषेक वर्मा, नितीश दुबे, दुष्यंत वर्मा, आशुतोष बंछोर, प्रमोद सिंह, आनंद परमार, टिकेंद्र वर्मा, जय शंकर राव, अभिषेक चंद्राकर, अतुल वर्मा, सचिन नासरे, पवन सोनवानी, राजेश कुमार, दौलत चंद्राकर, मनीष, मनोज दामले, पंकज टंडन, संतोष सोनी, आशीष धुरंधर, बलराम चेलक, युगल बंजारे, युगल किशोर वर्मा, प्रमोद सिंह, साधना वर्मा, जमुना बंछोर, किरण वर्मा, वीणा वर्मा, लक्ष्मी चंद्राकर, लता धुरंधर, पार्वती यादव, कमला वर्मा, प्रभा वर्मा, किरण वर्मा, सुलोचना चंद्राकर, नवीन वर्मा, भारती वर्मा, भोजदेवी सोनी, बबीता, नूतन यादव का सहयोग रहा।



## सिटी इवेंट

### गरबा उत्सव में सितारों और दिग्गजों की मौजूदगी से सजी महफिल



**भिलाई।** दुर्ग नवनिर्मित समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय गरबा उत्सव की शुरुआत महेश कॉलोनी, पुलगांव में परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पहले ही दिन बड़ी संख्या में शहरवासी उमड़े और उत्साह से गरबा करते दिखे। मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल बदला गया था, लेकिन नई जगह पर भी लोगों का उत्साह देखते ही बना। हजारों की संख्या में दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे और उत्सव मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर अलका बाघमार, चतुर्भुज राठी और प्रकाश देशलहरा ने माता की अराधना का पर्व नवरात्र की सभी को शुभकामनाएं दी। आयोजन के पहले दिन छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय अभिनेत्री अनुकृति चौहान, धारावाहिक बिंदास बहुरानी फेम वंदना साहू, कलाकार दिलेश साहू, उपासना वैष्णव, उर्वशी साहू और अंजलि राजम ने शिरकत की। लाइव बैंड की धुनों और ढोल-नगाड़ों की ताल पर जब प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधानों में थिरकना शुरू किया तो पूरा पंडाल गरबा और डांडिया की रंगत में रंग गया। महिलाएँ रंग-बिरंगे लहंगे-चुनरी में, पुरुष कुर्ता-पायजामा और परंपरागत वेशभूषा में सज-धज कर शामिल हुए। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक सभी ने उत्सव का आनंद लिया।

> ■ बारिश के चलते बदला कार्यक्रम स्थल, महेश कॉलोनी में गरबा उत्सव का रंगारंग आगाज

समिति के संरक्षक एवं पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि गरबा उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का उत्सव है। सोशल मीडिया पर कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। समापन अवसर पर और भी ज्यादा रंगारंग प्रस्तुतियाँ, विशेष आकर्षण और पुरस्कार वितरण होगा। दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत बड़े राजनेता और कलाकारो का आगमन होगा।

● दुर्गाबाड़ी में देवी के खुले पट, पूजा-अर्चना हुई शुरू

# बंगालियों की षष्ठी से विराजी माता, कालीबाड़ी में हुई दुर्गा पूजा की शुरुआत, मायके रूपी पंडालों में खूब होगी आव-भगत

**भिलाई।** ट्विनसिटी के सभी कालीबाड़ी मंदिरों में रविवार को दुर्गा पूजा की शुरुआत हुई। मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि बाजों की गूंज के बीच माता की प्रतिमा का आवाहन किया गया। पूजा-अर्चना के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। षष्ठी के अवसर पर मां दुर्गा का स्वागत करते हुए भक्तों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया। विशेष पूजा विधि के साथ समाज के वरिष्ठजनों और महिलाओं ने संध्या आरती में हिस्सा लिया। शाम को ढाक की थाप और शंखनाद से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।कालीबड़ी में दुर्गा पूजा का आयोजन बंगाली समाज के सबसे बड़े पर्वों में गिना जाता है। यह आयोजन दशमी तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह-शाम विशेष पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। विजयादशमी के दिन सिंदूर खेला के साथ प्रतिमा विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन होगा।

### पुष्पांजलि देकर होगी पूजा

सेक्टर 6 काली बाड़ी, वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड, शांति नगर और हुडको सहित सभी कालीबाड़ी में षष्ठी रविवार से शुरू हुई मां की पूजा विजयादशमी गुरुवार तक चलेगी। दुर्गापूजा को लेकर दुर्गाबाड़ी को विशेष रूप से सजाकर रंगोली बनाई गई। सभी मंदिरों के सदस्यों ने बताया कि रविवार सुबह षष्ठी की कलश स्थापना व सुबह केला बहू पूजन के बाद मां के पट खुल गए। सोमवार को महासप्तमी की नव पत्रिका स्नान, प्रवेश, स्थापना व सप्तमी विहित पूजा होगी। मंगलवार को महाष्टमी व सबसे प्रमुख संधि पूजा होगी। इस बार दोपहर 1.21से लेकर 2.09 बजे तक संधि पूजा होगी। बुधवार को नवमी महानवमी पूजा, कुमारी पूजा, पुष्पांजलि व प्रसाद वितरण होगा। विजयादशमी को विश्वशांति की कामना के लिए शांति मार्जना, सिंदूर की होली विजयादशमी गुरुवार की सुबह दशमी विहित पूजा होगी। शाम 4 बजे शोभा यात्रा के साथ विसर्जन के लिए माता की प्रतिमा निकलेगी। विसर्जन के बाद दुर्गाबाड़ी में सिंदूर की होली होगी। इसमें बंगाली समाज की महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए सिंदूर की होली खेलेंगी। विश्वशांति की कामना के लिए शांति मार्जना होगी।





### षष्ठी का महत्व

षष्ठी तिथि से ही बंगाली समाज में दुर्गा पूजा की शुरुआत होती है। इस दिन मां दुर्गा और उनके परिवार का आवाहन कर विधिवत स्थापना की जाती है। शाम को बोधन, आमंत्रण और अधिवास की विशेष पूजा होती है। ढाक, धुनुची नृत्य और शंखनाद इस पूजा की विशेष पहचान हैं।



### सांस्कृतिक रंग बिखेरे



षष्ठी तिथि की शाम को मंच पर पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने सरस्वती वंदना और दुर्गा स्तुति पर मनमोहक नृत्य पेश किया, वहीं युवाओं ने आधुनिक और पारंपरिक धुनों पर समूह नृत्य कर तालियाँ बटोरीं। समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में भी प्रत्येक शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिनमें भजन, नाटक और नृत्य शामिल रहेंगे।समाज के सदस्यों ने बताया कि षष्ठी से मां दुर्गा का आवाहन होता है। इसे हमारे समाज में सबसे शुभ शुरुआत माना जाता है। यहां का माहौल ऐसा होता है मानो बंगाल की परंपरा को भिलाई में उतार दिया गया हो। महिला समिति की सदस्य माया बेनर्जी ने बताया कि हर साल हम महिलाएं खास परिधानों में शामिल होती हैं और संध्या आरती करती हैं। ढाक की थाप और धुनुची नृत्य से पूरा वातावरण भक्तिभाव से भर जाता है।

# रंगोली, चित्रकला व संगीत में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभाएं, नशामुक्ति का लिया संकल्प

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभागीय योजनाओं से आम जनता को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से सेवा पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बधिर दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा दिवस का आयोजन विभिन्न स्वैच्छिक शैक्षणिक संस्थाओं के साथ मिलकर किया गया। लायंस चेरीटेबल ट्रस्ट प्रयास श्रवण दिव्यांग विद्यालय, जी.ई. रोड सुपेला भिलाई में सुबह 10 बजे से नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति थीम पर आधारित विभिन्न खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें ग्लास एकत्रित करना, सिक्का उछालना, ग्लास को फूक मारना, आलू दौड़, पेंसिल का संतुलन और दिव्यांग बच्चों के बीच रंगोली, चित्रकला, संगीत सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी पर आधारित लोक गायन के साथ की गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग और लायंस चेरीटेबल ट्रस्ट के सचिव विपिन बंसल द्वारा पुरस्कार वितरण साथ ही उपस्थित सभी विद्यार्थियों को उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एपी गौतम ने बच्चों को नशे से दूर रहने संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी को नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर जन्तराम ठाकुर, विनय तिवारी, आलोक सिंह, विपिन बंसल, तृप्ता कौर कैम्बो, राजेश पाण्डेय प्राचार्य, तलत शेख, आशीष अग्रवाल, संध्या द्विवेदी, सौम्या द्विवेदी, कमलेश गुप्ता, हरिशचंद्र मोदक सहित समाज कल्याण विभाग और संस्थाओं के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।





### सेजस में स्कूली विद्यार्थियों ने हेलमेट पहनने किया जागरूक



**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट स्कूल निकुम में नवरात्रि पर्व पर स्कूली बच्चों ने गरबा कर स्वच्छता अभियान पर नाटकीय मंचन कर स्वच्छता का संदेश दिया। वही बच्चों हाथों में पोस्टर लेकर पापा हेलमेट जरूर पहने, हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ,वाहन चलाते समय मोबाइल से बात ना करे, सीट बेल्ट पहने जैसे जनहित के संदेश दिए, वही प्रिंसिपल एस देवराजन, शिक्षकगण खुशबू मिश्रा, नेहा पिल्ले, निशि चंद्राकर, डॉ दिव्या पवार, रिया भोयार, दीपक खत्री व पीटी आई महेश्वर साहू की उपस्थिति रही। नवरात्रि पर्व पर शिक्षक चंद्रसेन महतेल ने न्यौता भोजन कराया।

## शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में स्वस्थ नारी स्वास्थ्य परिवार अभियान

# नारी स्वास्थ और सशक्तिकरण पर पोस्टर और खेलकूद स्पर्धा कर निकाली जागरुकता रैली, 51 विधार्थियों ने किया रक्तदान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विकसित भारत 2047 के अंतर्गत भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष नारी स्वास्थ और सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की है। जिसके तहत फार्मेसी दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और फार्मेसी विद्यार्थियों के तत्वाधान में मेडिकल कैंप, जागरूकता रैली, संगोष्ठी, ग्राम में अभियान, पोस्टर स्पर्धा, खेलकूद के जरिए लोगो को स्वास्थ के प्रति जागरुक करने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विधार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली जो फार्मेसी दिवस के आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण कराकर 51 विधार्थियों ने रक्तदान किया। की है। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।



### 51 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान




विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं फार्मेसी संकाय के तत्वाधान में मेडिकल कैंप, जागरूकता रैली, संगोष्ठी, ग्राम में अभियान, पोस्टर स्पर्धा, खेलकूद के जरिए स्वास्थ आदि पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दीपक सिंह ने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के द्वारा इस वर्ष नारी स्वास्थ और सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की है। राष्ट्रीय सेवा योजना, फार्मेसी संकाय, खेल विभाग के द्वारा विधार्थियों के लिए आयोजन किए जा रहें है। रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के 51 विधार्थियों ने रक्तदान किया। फार्मेसी संकाय के द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप में रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, सिकल सेल का परीक्षण किया गया। विशेष कर छात्राओं का स्वास्थ परीक्षण कर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया गया।

### फार्मेसी में चल रहे कई शोध कार्य

फार्मेसी इंस्टीट्यूट की प्राचार्य डॉ स्वर्णली दास पॉल ने बताया कि नारी स्वास्थ्य के लिए हमारे विश्वविद्यालय द्वारा अभियान ही नहीं, विशेष शोध कार्य भी परियोजनाओं के माध्यम से चल रहें हैं। डॉ पॉल ने बताया कि कैंसर की दवा पर कार्य हो रहा है जो अंतिम चरण में है वहीं महिलाओं में एनीमिया की परेशानी दूर करने बिंदी पर कार्य हो रहा है जिसे लगाने से आयरन की कमी को दूर किया जा सकेगा। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों के साथ संयुक्त प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। पोषण माह को ध्यान में रखते हुए स्कूल ऑफ फार्मेसी के विधार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली, जो फार्मेसी दिवस के आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान संगोष्ठी में आयोजित किए गए कमला इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज में भी स्वास्थ्य और फार्मेसी की भूमिका पर आधारित आयोजन हुए। प्राध्यापक डॉ हेमंत बड़वाइक को विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की श्रेणी में रखे जाने पर उनके स्वास्थ्य संबंधी शोध कार्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी है। डॉ बड़वाइक के मार्गदर्शन में फार्मेसी के विद्यार्थी लगातार शहर में ही नहीं गांव में भी जागरूकता अभियान चला रहे है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा, शिक्षण संस्थान की प्रेसिडेंट डॉ जया मिश्रा, सीईओ रुद्रांश मिश्रा, कुलपति डॉ ए के झा, कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट ने भी विकसित भारत 2047 के तहत नारी स्वास्थ्य, स्वस्थ्य परिवार अभियान के लिए किए जा रहे।

सिटी इवेंट



भिलाई। बैकुंठ धाम दुर्गा उत्सव समिति कैंप दो



उतई। नवदुर्गा महिला जगृति उत्सव समिति शुभाष चौक बस्ती पारा मचांदुर।



अंडा। नव दुर्गा उत्सव समिति स्कूल पारा परसदा (डंग)



भिलाई। श्री नवदुर्गा उत्सव समिति दक्षिण वसुंधरा नगर भिलाई 03 में स्थापित दुर्गा प्रतिमा



उतई। जय अबे ट्रस्ट दुर्गा उत्सव समिति गांधी चौक उतई।



भिलाई। नवदुर्गा उत्सव समिति नंदिनी रोड पावर हाउस।

● 108 कन्या माताओं का पूजन कर, भोज कराया, मंत्रोच्चार एवं विभिन्न औषधियों से माता जी का अभिषेक

# 108 पूजा थाल से सत्तीचौरा में माता जी की महाआरती एवं की गई आतिशबाजी

**दुर्ग।** श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा दुर्ग में क्वांर नवरात्र पर्व पर प्रतिदिन विशाल आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पंचमी के अवसर पर अभिषेक पूजन महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। पूरे प्रदेश में ख्याति प्राप्त दुर्गा समिति सत्तीचौरा में हर साल की तरह इस वर्ष भी क्वांर नवरात्र पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें पंचमी के अवसर पर प्रातः 9 बजे माता जी का अभिषेक किया गया दोपहर 12 बजे 108 कन्या माताओं का कन्या पूजन कन्या भोज कराया गया।क्वांर नवरात्र पर्व पर प्रतिदिन अलग अलग धर्मप्रेमियों द्वारा प्रातः 9 बजे माता जी का अभिषेक किया जाता है जिसमें आचार्य डॉ विक्रांत दुबे आचार्य डॉ आकाश दुबे एवं मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुनील पांडेय द्वारा पूरे मंत्रोच्चार एवं विभिन्न औषधियों से माता जी का अभिषेक कराया जाता है





### 108 पूजा थाल व आरती से किया गया आरती

समिति के मोहित पुरोहित रिषी गुप्ता ने बताया कि क्वांर नवरात्र पर्व पंचमी के अवसर पर सत्तीचौरा के दुर्गा पंडाल में माता जी की 108 पूजा थाल एवं 108 आरती दीपों से माता जी की महाआरती की गई जिसमें हजारों धर्मप्रेमियों ने माता जी की आरती की, पंडाल में विशेष साज सज्जा कराई गई थी आरती होने के पश्चात सभी उपस्थित धर्मप्रेमियों के ऊपर फूलों की वर्षा की गई पूरे पंडाल को फूल एवं फ़ुग्गे से सजाया गया था जिसे आरती के पश्चात पंडाल के ऊपर लगे फूल से माता जी के ऊपर वर्षा हुई जो कि बहुत आकर्षित रहा।

### आतिशबाजी रही आकर्षण का केंद्र



बाजा गाजा के साथ माता जी की आरती की गई फिर सभी उपस्थित धर्मप्रेमी माता के गानों में झूमते रहे और जय माता दी बोलते रहे पूरे गंजपारा में पंचमी में चारों तरफ माता जी की जय घोष होती रही, आरती में माता जी का दर्शन करने आए सभी भक्तों ने अपने हाथों में पूजा थाल लेकर माता जी की आरती की। आरती के पश्चात देर रात्रि तक आकर्षक आतिशबाजी की गई एवं मन्दिर परिसर में समिति के सदस्य गण, धर्मप्रेमी एवं उपस्थित जन मधुर भजनों के संग नाचते गाते रहे। रात्रि 10 बजे समिति की सभी महिला एवम बालिकाओं ने माता जी के दरबार में गरबा किया। कार्यक्रम में अशोक राठी, महेश टावरी, पायल जैन, प्रवीण भूतड़ा, नरेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, प्रतिभा सुरेश गुप्ता, पार्षद कुलेश्वर साहू, पार्षद योगेन्द्र शर्मा, बंटी निर्मल, शर्मा नरेंद्र गुप्ता, मनीष सेन, हर्षद पारख, राहुल शर्मा, पिंकी गुप्ता, ललित शर्मा आदि मौजूद थे।

आर्य समाज सेक्टर-6 में आयोजन

# जो सयाना है वही सियान, सुमन बनो- दुश्मन नहीं, यज्ञ में आर्यों ने दी आहुति







**भिलाई।** नेहरू नगर के सियान सदन और आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 के संयुक्त तत्वावधान में महामृत्युंजय महायज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति अर्पित कर धर्म, संस्कृति और आस्था को प्रदर्शित किया। आचार्य अंकित शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न कराया। भक्ति रस से सराबोर स्वाति पेंढारकर ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं प्रवीण गुप्ता ने भावपूर्ण स्वर में 'सुख भी मुझे प्यारा है, दुख भी मुझे प्यारा है' भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भावविभोर कर दिया।

### वृद्धावस्था- अनुभव, वृद्धि और सम्मान की निशानी

मुख्य वक्ता आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अपने व्याख्यान में कहा कि वृद्धावस्था कमजोरी नहीं, बल्कि समाज की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने शास्त्रवचन उद्धृत करते हुए कहा कि 'वह सभा, सभा नहीं है, जहां वृद्ध न हों। वह वृद्ध, वृद्ध नहीं है जो धर्म न बोले, और वह धर्म, धर्म नहीं है जिसमें सत्य न हो। जीवन को फूलों की तरह बनाने का संदेश देते हुए उन्होंने कहा 'संस्कृत में फूल को 'सुमन' कहा गया है। अगर मन अच्छा है तो जीवन सुगंधित होगा। इसलिए जीवन को सुमन बनाइए, दुश्मन नही। सबसे समृद्ध अवस्था वृद्धावस्था ही है। सिर में चांदी, दांतों में सोना, आंखों में मोती, खून में शुगर और किडनी में कीमती पत्थर, यह सब बुजुर्गों की संपदा है।

### बच्चों को सिखाएं झुकना

अजय आर्य ने कहा कि सियान सदन में जितने बुजुर्ग हैं अभी दादा-दादी होंगे नाना नानी होंगे अपने नाती पोते के साथ खेलते होंगे। जब भी बच्चों को संस्कार दें झुकना सिखाएं। जो दादा-दादी माता-पिता और गुरु के सामने झुकता है उसका जीवन ऊपर उठना है। आज की जो पीढ़ी है वह कहती है कि सर कटा सकता हूं लेकिन सर झुका सकता नहीं। जिस संदर्भ में यह बात कही गई है वह ठीक है, लेकिन जीवन को सरल और विनम्र बनाना चाहिए। इसीलिए विद्या का पहला गुण विनम्रता लिखा गया है। बच्चों को माफ करना और माफी मांगना दो चीज जरूर सिखाइए।

भंडारे में उपयोग की बर्तन जाएगी

# भंडारा के लिए चैतन्य सेवा समिति ने समाज को दी गई स्टील सामग्री



**भिलाई।** श्री नीलकंठेश्वर चैतन्य सेवा समिति-भिलाई ग्राम रुशिकुड्डा के सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने नवरात्रि भंडारा के लिए सहयोग स्वरूप स्टील सामग्री भोजन उपयोग के लिए छत्तीसगढ़ अग्निकुला क्षेत्रीय समाजम को भेंट की। यह सामग्री श्री श्री श्री कांची कामाक्षी माता मंदिर सेक्टर-5 और पॉवर हाउस में आयोजित भंडारे में उपयोग की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही डी. छिन्ना अध्यक्ष नीलकंठेश्वर चैतन्य सेवा समिति, बोन्गु पापा राव महासचिव छत्तीसगढ़ अग्निकुला क्षेत्रीय समाजम, तमदा डिलेश्वर राव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अग्निकुला क्षेत्रीय समाजम सहित समिति और समाज के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।



समिति के अध्यक्ष डी. छिन्ना, कोषाध्यक्ष के. यादेश्वर राव, सह सचिव के. संतोष कुमार, के. सन्मुख राव, टी. डिल्लिराव, के मोहन राव, यस भिमा राव, टी. भीम, डी. वेणु, दिवाकर, डी. श्रीनिवास, डी. भास्कर और कर्रि मोहन राव ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों और समाजजनों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

डीजीपी गौतम व आईजी गर्ग ने परिवार सहित किए माता के दर्शन

# आरती कर लगाया 56 भोग, पंडाल में भोजन और ठहरने की व्यवस्था से पदयात्रियों को मिल रही राहत

कार्नर न्यूज



भिलाई। क्वांर नवरात्र में अपनी मनोकामना को लेकर पदयात्रा करते हुए श्रद्धालु दूर-दराज से डोंगरगढ़ वासिनी माता बम्लेश्वरी के दर्शन करने के लिए रोज जा रहे है। इन पदयात्रियों के लिए जगह-जगह सेवा पंडाल बनाएं गए है। लेकिन भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में जीई रोड के किनारे लगे सेवा पंडाल की व्यवस्था को देखकर पदयात्री घंटो आराम कर वापस अपनी यात्रा के लिए निकल रहे है। जहां उनके चेहरों में थकान के बजाय सूकून दिखाई दे रहा है। नवरात्र पर्व पर खुर्सीपार स्थित बोल बम सेवा समिति की ओर से इस बार प्रदेश का सबसे बड़ा सेवा पंडाल बनाया गया है। नगर निगम भिलाई के उपनेता प्रतिपक्ष एवं समिति के संस्थापक दया सिंह की पहल पर स्थापित इस पंडाल में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा विराजमान कर 56 भोग लगाया गया। नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डीजीपी अरुण देव गौतम और आईजी दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने अपने-अपने परिवार के साथ माता रानी के दरबार पहुंचे। उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और शाम की सभा में शामिल होकर महाप्रसाद का भी आनंद लिया। भक्तिमय माहौल में दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के परिवार सहित दर्शन करने पर श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया।



### माता के दर्शन करने लग रही भीड़

पंडाल में विराजित प्रतिमा का दर्शन करने खुर्सीपार सहित शहर सहित दूर-दराज से लोग पहुंच रहे है। आयोजन स्थल पर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। और माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है।



### पदयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था

खुर्सीपार क्षेत्र में जीई रोड के किनारे बनाएं गए पंडाल में विशेष रूप से उन भक्तों के लिए सुविधा की गई है जो पैदल यात्रा कर मां बमलेश्वरी डोंगरगढ़ के दर्शन के लिए जाते हैं। यहां भोजन, ठहरने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। आयोजक दया सिंह ने बताया कि यह सेवा कार्य पिछले कई सालों से कराते आ रहे है। जहां पदयात्रियों के आराम करने और ठहरने की उचित व्यवस्था के साथ ही प्राथमिक उपचार के लिए 24 घंटे डाक्टर भी निशुल्क दवाईयों और मलहम का वितरण कर अपनी सेवाएं दे रहे है। खाने-पीने की समुचित व्यवस्था को देख पदयात्री अपनी थकान उतारने घंटों बिता रहे है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ के आरिश बने पिक्लबॉल के नेशनल चैंपियन



**रायपुर।** ऑल इंडिया पिक्लबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में जम्मू कश्मीर संघ द्वारा 9वीं आईपा नेशनल पिक्लबॉल चैंपियनशिप का आयोजन जम्मू में 26 से 28 सितंबर तक किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल के खाते में स्वर्ण पदक आया। छत्तीसगढ़ के उदीयमान पिक्लबॉल सितारे आरिश आगा चौबे ने अंडर 14 बॉयज सिंगल्स का ख़िताब जीतकर राष्ट्रीय चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। आरिश ने सेमीफ़ाइनल में अर्णव (महाराष्ट्र) को 15-7 से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया और फ़ाइनल में विश्वा (तेलंगाना) को हराकर छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण पदक जीता। वर्तमान में कई नेशनल टूर्नामेंट के विजेता आरिश अपने जोड़ीदार देवाशीष मांझी के साथ बॉयज अंडर 14 डबल्स के भी फाइनल में पहुंचकर छत्तीसगढ़ का एक और पदक पक्का कर लिया है। छत्तीसगढ़ के शेष खिलाड़ियों ने भी इस आईपा राष्ट्रीय पिकलबाल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। यह जानकारी छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल के सचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने दी।

### अमनदीप की अगुआई में छत्तीसगढ़ टीम रणजी ट्रॉफी के लिए तैयार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा रणजी ट्रॉफी के प्रथम दो मैचों हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज़ अमनदीप खरे को सौंपी गई है। टीम में रायपुर से आयुष पांडे, अनुज तिवारी, अराफात खान, आशीष चौहान, प्रतीक यादव, दुर्ग से शशांक सिंह, भिलाई स्टील प्लांट से अमनदीप खरे कप्तान, भिलाई से संजीत देसाई, बिलासपुर से वासुदेव बरेठ, सरगुजा से आशुतोष सिंह, जांजगीर चांपा से शहबान खान, महासमुंद से शशांक चंद्राकर विकेटकीपर, रायगढ़ से शुभम अग्रवाल, बस्तर से सौरभ मजूमदार, सरगुजा से आशुतोष सिंह, राजनांदगांव से अजय मंडल और प्रोफेशनल प्लेयर के तौर पर आदित्य सरवटे व एम रवि किरण शामिल किए गए हैं। चैम्पियनशिप में 15 से 18 अक्टूबर तक राजसमंद में छत्तीसगढ़ राजस्थान के विरुद्ध और 25 से 28 अक्टूबर तक मुंबई में मुंबई के विरुद्ध मैच होंगे।




### सनिध्य ने राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में जीता कांस्य



**रायपुर।** सोलन, हिमाचल प्रदेश में 22 से 26 सितंबर तक आयोजित राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग जूनियर चैंपियनशिप में राजधानी के सनिध्य ने कांस्य पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि के लिए सनिध्य के कोच सत्यम साहू ने हर्ष जताया है।

### राष्ट्रीय जूनियर किकबाक्सिंग में छत्तीसगढ़ को 9 स्वर्ण सहित कुल 34 पदक



**रायपुर।** वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश किकबाक्सिंग एसोसियेशन के तत्वाधान में सोलन में 22 से 26 सितंबर तक जूनियर (बालक बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से 700 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा , कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि छत्तीसगढ़ को 9 स्वर्ण सहित कुल 34 पदक हासिल हुए।

## अल्जाइमर रोग का जोखिम दुनिया भर में बढ़ता हुआ देखा जा रहा

# समय पर याद ही नहीं आता लोगों का नाम और भूलने लगते हैं बहुत कुछ, हो सकता है एनोमिया

दुनियाभर में अल्जाइमर रोग का जोखिम बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। साल 2020 के आंकड़ों के मुताबिक 55 मिलियन (5.5 करोड़) से अधिक लोग अल्जाइमर और इसके कारण होने वाली डिमेंशिया रोग के शिकार थे। यह संख्या हर दो दशकों में लगभग दोगुनी होने की आशंका जताई गई है। चीजों को भूल जाने, याददाश्त में कमी, तर्क करने की क्षमता में दिक्कत वाली ये बीमारी उम्र बढ़ने के साथ बहुत आम है। भूलने की समस्या, समय पर चीजों या किसी के नाम को याद न कर पाना सामान्य है। पर अगर आपको अक्सर ये दिक्कत होती रहती है, इसके कारण आपकी दैनिक गतिविधियों पर असर हो रहा है तो इसपर ध्यान दिया जाना जरूरी हो जाता है। कहीं ये किसी न्यूरो-साइकेट्रिक समस्या के कारण तो नहीं है? लिखते-बोलते समय चीजों या लोगों का नाम न याद आने को मेडिकल की भाषा में 'एनोमिया' की दिक्कत कहा जाता है। इस विकार से पीड़ित लोगों को अक्सर ऐसा लगता है कि उनके जीभ पर ही शब्द है पर उसे व्यक्त नहीं कर पा रहे हैं। कहीं आपको या किसी जानने वाले को इस तरह की दिक्कत तो नहीं?



### बोलने के लिए समय पर सही शब्द न मिल पाना

अक्सर आपने एक मशहूर भारतीय क्रिकेटर को कई इंटरव्यू के दौरान चीजों या खिलाड़ियों का नाम भूलते हुए देखा होगा। उदाहरण के लिए जैसे उन्हें बताना हो कि किसी खिलाड़ी को फील्डिंग के लिए फाइन लेग पर भेजा और उसने बेहतरनी कैच पकड़ लिया। इसे वह ऐसे बोलते दिखते हैं- मैंने उसे वहां भेजा और उसने बढ़िया कैच पड़ लिया। हमारे आसपास भी ऐसे लोग हो सकते हैं, जिन्हें आप चीजों का नाम भूलते नोटिस तो करते हैं पर जानकारी के अभाव में इसे कभी समस्या नहीं मानते। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है। कुछ स्थितियों में ये अल्जाइमर रोग का लक्षण भी हो सकता है।



### एनोमिया की समस्या क्या है?

एनोमिया या एनोमिक अफेसिया को भाषा विकार के रूप में जाना जाता है। इसमें आपके दिमाग में चीजें तो होती हैं पर बोलने के धाराप्रवाह में उसके लिए सही शब्द नहीं मिल पाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि स्ट्रोक, सिर में दर्दनाक चोट या ट्यूमर के कारण होने वाली ब्रेन डैमेज की समस्या इसका कारण बन सकती है। विशेषज्ञ बताते हैं, एनोमिया की समस्या को मुख्यरूप से मस्तिष्क के बाएं हिस्से में होने वाली क्षति का परिणाम माना जाता है। दाएं हाथ वाले लोगों के लिए मस्तिष्क का बायां हिस्सा भाषा को नियंत्रित करने और इसके चयन में मदद करता है। हालांकि एनोमिया के लिए हर बार जरूरी नहीं है कि मस्तिष्क में चोट लगी ही हो।


### अल्जाइमर रोग से इसका संबंध

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी बताते हैं, इस तरह की समस्याओं पर ध्यान देना इसलिए जरूरी है क्योंकि अल्जाइमर रोग और डिमेंशिया जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के शुरुआती चरणों में भी एनोमिया के लक्षण हो सकते हैं। इसके अलावा लंबे समय से तनाव के शिकार लोगों में स्ट्रोक होने का जोखिम बढ़ जाता है जो एनोमिक अपेसिया का कारण बन सकती है।

समय पर इन समस्याओं का निदान और उपचार प्राप्त करके कई तरह के न्यूरोसाइकेट्रिक विकारों के खतरे कम को करने में मदद मिल सकती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

डॉ सत्यकांत कहते हैं, अगर आपको लगता है कि आप या आपके किसी परिचित में एनोमिया के लक्षण हैं तो उन्हें उचित निदान और इलाज लेने की सलाह दें। स्पीच और विजुअल एक्शन थेरेपी आदि की मदद से इस तरह की समस्याओं में आराम पाया जा सकता है।






# दिल और दिमाग की सेहत के फायदेमंद है ये पोषक तत्व

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ नियमित रूप से स्वस्थ और पौष्टिक आहार लेने की सलाह देते हैं। आहार की पौष्टिकता का ध्यान रखकर शरीर के लिए जरूरी आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति की जा सकती है। कई अध्ययनों में शोधकर्ताओं ने कहा, जिस प्रकार से समय के साथ कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ता जा रहा है, ऐसे में जरूरी है हम अपने आहार का विशेष ध्यान रखें। ओमेग-3 फैटी एसिड जैसे तत्वों से भरपूर आहार का सेवन शरीर के लिए कई प्रकार से लाभकारी हो सकता है, क्रोनिक बीमारियों से सुरक्षा देने में इसके स्वास्थ्य लाभ देखे गए हैं।

शोधकर्ता कहते हैं, ओमेग-3 फैटी एसिड, हेल्दी फैट्स का एक प्रकार है इसके सेवन को हृदय रोगों से बचाव के लिए काफी लाभकारी पाया गया है। पर क्या ओमेगा-3 सभी के लिए जरूरी है और इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है? आइए इस बारे में जानते हैं।

### ओमगा-3 क्यों जरूरी है?

ओमेगा-3 फैटी एसिड को कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से, मस्तिष्क और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, शरीर में इंफ्लामेशन को कम करने और कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों से बचाने में इस पोषक तत्व के लाभ देखे गए हैं। मानसिक स्वास्थ्य की कई समस्याओं को कम करने और इसके रोगियों को स्वास्थ्य लाभ देने में भी इस पोषक तत्व के फायदे हो सकते हैं। यही कारण है कि इसे आहार में शामिल करने को फायदेमंद माना जाता रहा है।



### ब्रेन हेल्थ के लिए इसके लाभ

ओमगा-3 को शोधकर्ताओं ने अध्ययन में मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी पाया है। शोधकर्ताओं की टीम ने पाया कि ओमेगा-3 शिशुओं में मस्तिष्क की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इतना ही नहीं, डिप्रेशन और एंग्जाइटी के शिकार लोगों की समस्या में राहत के लिए भी इस पोषक तत्व को लाभकारी पाया गया है। अवसाद रोगियों में भी ओमगा-3 लाभकारी प्रभावों वाला हो सकता है।

### हार्ट के रोगियों के लिए फायदेमंद

दिल का दौरा और स्ट्रोक, दुनियाभर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है। कोरोना संक्रमण के बाद इन रोगों का जोखिम बढ़ता जा रहा है, यहां तक कि बेहद कम उम्र के लोग भी हृदय की गंभीर समस्याओं के शिकार पाए जा रहे हैं। शोधकर्ताओं ने देखा था कि मछली खाने वाले लोगों में इन बीमारियों की दर बहुत कम थी, अध्ययन में पाया गया कि चूंकि मछली में ओमेगा-3 की भरपूर मात्रा होती है जो हृदय की सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी है, ऐसे में हृदय रोगियों के लिए इसका सेवन फायदेमंद हो सकता है।



# फार्महाउस से जुड़े वास्तु टिप्स आप भी करें फॉलो

आजकल अधिकतर लोग वीकेंड में रिलैक्सिंग फील करने के लिए फार्महाउस में समय बिताना पसंद करते हैं। ऐसे कई लोग हैं, जो अपने शहर से थोड़ा दूर फार्महाउस तैयार करवाते हैं, ताकि वे वहां पर अपनी फैमिली या दोस्तों के साथ अच्छा वक्त बिता सकें।

कहीं पर भी अच्छा वक्त बिताने के लिए जरूरी होता है कि आप वहां पर अच्छा फील करें। इसलिए, उस जगह की पॉजिटिविटी का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी होता है।

अक्सर हम इस ओर ध्यान ना दें, लेकिन जब फार्महाउस बनवाते समय वास्तु के नियमों का ध्यान नहीं रखा जाता है तो इससे वहां की नेगेटिविटी आपको परेशान कर सकती है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको कुछ ऐसे वास्तु टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको फार्महाउस बनवाते समय ध्यान रखना चाहिए-

### मुख्य द्वार की दिशा

जब आप फार्महाउस बनवा रहे हैं तो आपको उसके मुख्य द्वार की दिशा पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। हमेशा कोशिश करें कि आपके फार्महाउस के मुख्य द्वार की दिशा दक्षिण-पश्चिम नहीं होनी चाहिए। अगर इस दिशा में मुख्य द्वार बनता है तो फार्महाउस में आने व ठहरने वाले लोगों को बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता है।

### बेडरूम की दिशा

फार्महाउस में हम बेडरूम जरूर बनवाते हैं ताकि वहां पर आसानी से रिलैक्स कर सकें। हमेशा कोशिश करें कि आप फार्महाउस के दक्षिण-पश्चिम दिशा में ही अपना बेडरूम बनाएं। लेकिन इस बात का खासतौर पर ध्यान रखें कि दक्षिण-पश्चिम दिशा के कोने में कोई खिड़की ना बनवाएं। आप कमरे के उत्तर-पश्चिम या फिर दक्षिण-पूर्व में खिड़की बनवा सकते हैं।



### यूं लगाएं प्लांट

फार्महाउस तैयार करवाते समय हम वहां पर तरह-तरह के हाउस प्लांट लगवाते हैं। ग्रीनरी आपके मन को अच्छा फील करवाती है। इसमें कोई समस्या नहीं है। लेकिन जब आप यहां पर पौधे लगा रहे हैं तो कुछ प्लांट ऐसे होने चाहिए, जिनके अपने औषधीय गुण हों। मसलन, आप यहां पर अर्जुन का पौधा या फिर हरश्रृंगार का पौधा लगाया जा सकता है।

### अगर पालें जानवर

कुछ लोग अपने फार्म हाउस में जानवर भी पालते हैं। अगर आप भी गाय या घोड़ा आदि को फार्महाउस में पालना चाहते हैं तो उन्हें हमेशा उत्तर-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। ऐसा करने से पशुओं का स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहता है।

# महाअष्टमी व्रत को लेकर जानें शुभ मुहूर्त और उपाय

नवरात्रि के दौरान अष्टमी तिथि का विशेष महत्व होता है। इन तिथियों पर कन्या पूजन और हवन करने का विधान है। इस वर्ष, महा अष्टमी की तिथि को लेकर लोगों के मन में थोड़ी दुविधा है कि यह 29 सितंबर को है या 30 सितंबर को।



हिंदू पंचांग के अनुसार, शारदीय नवरात्रि में अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 29 सितंबर 2025 को शाम 04 बजकर 31 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन 30 सितंबर 2025 को शाम 06 बजकर 06 मिनट पर होगा। चूंकि महा अष्टमी की तिथि का उदय 30 सितंबर को हो रहा है, इसलिए इस दिन ही महा अष्टमी का व्रत रखा जाएगा और मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाएगी।

महा अष्टमी के दिन मां दुर्गा की पूजा के लिए कुछ विशेष मुहूर्त बन रहे हैं। इस दिन मां महागौरी की पूजा करने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे सुख-समृद्धि मिलती है। महा अष्टमी के दिन पवित्र स्नान और दान के लिए शुभ समय ब्रह्म मुहूर्त है जो सुबह 04:37 से सुबह 05:26 बजे तक रहेगा। इसके अलावा, मां दुर्गा की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 05:01 बजे से सुबह 06:13 बजे तक का है।

महा अष्टमी के दिन माता की पूजा के लिए यह मुहूर्त सबसे शुभ है, लेकिन अगर आप किसी कारण से इतनी सुबह मां दुर्गा की पूजा न कर पाएं तो ऐसे में अभिजीत मुहूर्त को भी चुन सकते हैं जो सुबह 11:47 से दोपहर 12:35 बजे तक। हालांकि अगर आप इस समय में माता की पूजा करते हैं तो कन्या पूजन का समय निकल जाएगा क्योंकि कंजक जमाने का शुभ समय अभिजीत मुहूर्त से पहले बन रहा है। महा अष्टमी के दिन मां महागौरी को प्रसन्न करने के लिए कुछ सरल उपाय किए जा सकते हैं। महा अष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा के दौरान उन्हें ब्रह्म कमल का फूल अर्पित करें।

## कार्नर न्यूज

## खानपान नियंत्रित रखें तो ब्लड प्रेशर सहित कई समस्याओं में मिलेगा लाभ

# हड्डियों को रखना है मजबूत तो ध्यान दें खान-पान पर, जल्द दिखने लगेगा असर

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप रोजाना स्वस्थ और पौष्टिक चीजों का सेवन करते रहें। आहार में कई प्रकार के मौसमी फलों-सब्जियों को शामिल करना शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने और बीमारियों से बचाने में लाभकारी है। पर स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमें रोज क्या खाना चाहिए इससे जरूरी ये जानना है कि किन चीजों से परहेज किया जाना मौजूदा समय में सबसे जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आप शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो चीनी और नमक दोनों का सेवन कम कर लें। नमक के अधिक सेवन को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता है। इससे सबसे ज्यादा जोखिम ब्लड प्रेशर बढ़ने का होता है और यह स्थिति आपके हृदय की सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि अधिक नमक आपकी हड्डियों के लिए भी नुकसानदायक हो सकती है। आइए अधिक नमक से होने वाले जोखिमों के बारे में जानते हैं।



### नमक के कारण शरीर में कम हो जाता है कैल्शियम

हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए जिन पोषक तत्वों को सबसे आवश्यक माना जाता है, कैल्शियम उनमें से एक है। अध्ययनों में पाया गया है कि यदि आप बहुत अधिक मात्रा में नमक वाली चीजों का सेवन करते हैं तो यह शरीर में कैल्शियम की कमी का कारण बन सकती है। जितना अधिक नमक आप खाते हैं, उतना अधिक कैल्शियम आपके शरीर से निकल जाता है, जिसका अर्थ है कि यह आपकी हड्डियों के लिए भी बहुत हानिकारक है। एक दिन में 2,300 मिलीग्राम से कम सोडियम लेने का लक्ष्य रखें।

### ज्यादा नमक हार्ट के लिए भी ठीक नहीं

रक्तप्रवाह में सोडियम का बढ़ा हुआ स्तर किडनी से पानी निकालने की क्षमता को कम कर देता है, जिससे शरीर की रक्त वाहिकाओं पर तनाव पड़ता है। उच्च रक्तचाप अंततः स्ट्रोक और हार्ट फेलियर जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। चूंकि किडनी अतिरिक्त नमक को बाहर निकालने के लिए लगातार काम करती है, इसलिए यह स्थिति किडनी की भी बीमारियों का कारण बन सकती है।

### सोडियम की अधिकता से होने वाली इन समस्याओं को भी जानिए

सोडियम/नमक का अत्यधिक सेवन हमारे शरीर के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है। इसका मांसपेशियों-हड्डियों से लेकर कई अन्य अंगों पर भी गंभीर दुष्प्रभाव हो सकता है। मुख्य रूप से हृदय की मांसपेशी की समस्या, सिरदर्द- किडनी के रोग, ऑस्टियोपोरोसिस, दिल की धड़कनों की समस्या, उच्च रक्तचाप, किडनी की पथरी और पेट के कैंसर का जोखिम रहता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टॉम हॉलैंड को चोट, रोकनी पड़ी ग्लासगो में चल रही शूटिंग

मार्वल की नई फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग जो की ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में चल रही है। शूटिंग के दौरान फिल्म के एक्टर टॉम हॉलैंड को चोट लगने की



खबर है। खबर है कि उन्हें सिर पर हल्की चोट लगी है और इसी वजह से शूटिंग फिलहाल रोक दी गई है। एक्टर को चोट लगने की खबर है जिससे उनके फैन्स बेचैन हो उठे हैं। हालांकि, इससे फिल्म की शूटिंग में बहुत ज़्यादा देरी होने की उम्मीद नहीं है।

'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान टॉम हॉलैंड की चोट की खबर से उन्हें चाहने वाले सोशल मीडिया पर बेचैन हो उठे हैं। लोगों ने उनके जल्द ठीक होने को लेकर विश किया है। उनकी फैन फॉलोइंग सिर्फ हॉलीवुड तक नहीं है, बल्कि भारत में भी उनके बहुत से फैंस हैं ओर करोड़ों लोग उनके जल्दी ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।

शूटिंग शुरू होने से पहले ही टॉम हॉलैंड ने कहा था कि वह बहुत खुश हैं कि इस बार उन्हें स्कॉटलैंड जैसी खूबसूरत जगह पर शूट करने का मौका मिला। पिछली फिल्म 'स्पाइडर-मैनः नो वे होम' पूरी तरह स्टूडियो के अंदर शूट हुई थी। कहा जा रहा है कि फिलहाल, टॉम हॉलैंड कुछ दिनों तक आराम करेंगे और उसके बाद फिर से कैमरे के सामने लौट आएंगे। खबर ये भी है कि उनके चोट की वजह से फिलहाल फिल्म की रिलीज़ डेट 24 जुलाई, 2026 पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

29 साल के टॉम हॉलैंड आज दुनिया के सबसे पसंदीदा एक्टर में से एक हैं। उन्होंने पहली बार 2016 में 'कैप्टन अमेरिकाः सिविल वॉर' में पीटर पार्कर का रोल किया था।

### टॉलीवुड

## 'मद्रासी' आ रही ओटीटी पर धमाल मचाने, अगले महीने देख सकेंगे दर्शक

एआर मुरुगदास के निर्देशन में बनी फिल्म 'मद्रासी' जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। शिवकार्तिकेयन ने एक वीडियो के जरिए इसकी जानकारी दी है।



एआर मुरुगदास के निर्देशन में बनी फिल्म 'मद्रासी' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दर्शकों ने सिनेमाघरों में इसका आनंद लिया और इसकी सराहना की। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मद्रासी कामयाब रही। इसने 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद अब यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। फिल्म के निर्माताओं ने एलान किया है कि 'मद्रासी' 1 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने एक प्रोमो के जरिए 'मद्रासी' के डिजिटल स्ट्रीमिंग का एलान किया है। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में स्ट्रीम होगी। ओटीटी रिलीज के बाद इस फिल्म के ज्यादा दर्शकों तक पहुंचने की उम्मीद है। शिवकार्तिकेयन की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'फिल्म को देखने का इंतजार नहीं कर सकता।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'आखिरकार यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हो रही है।' एक यूजर ने शिवकार्तिकेयन से कहा है 'कम से कम हंस तो लो भाई।' एक और यूजर ने कहा है 'यह फिल्म बहुत अच्छी है।' तमिल फिल्म 'मद्रासी' एक कार शोरूम कर्मचारी रघु (शिवकार्तिकेयन) की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। वह एक अजीब सी बीमारी से पीड़ित है। अंजान लोगों को वह अपना खोया हुआ रिश्तेदार समझता है। फिल्म में शिवकार्तिकेयन, रुक्मिणी वसंत और विद्युत जामवाल मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में शिवकार्तिकेयन ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए एक बेहतरीन भूमिका निभाई है।

### भोजपुरी

## 'माता सीता' दीपिका की भोजपुरी फिल्म 'बिटिया दुर्गा मईया के' का ट्रेलर रिलीज

नई भोजपुरी मूवी 'बिटिया दुर्गा माई के' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसमें श्रुति राव और निसार खान सहित कई सितारे नजर आए हैं। ट्रेलर में दिखाया



गया है कि एक लड़की दुर्गा मां की भक्त है। उसकी शादी होती है। उस गांव में, जहां माता के मंदिर पर भी ताला लटका हुआ है। पर ऐसा क्यों? फिल्म का ट्रेलर यूट्यूब पर वायरल हो गया है। माता रानी पर बनी फिल्म के ट्रेलर को देख फैंस 'जय माता दी' के जयकारे लगा रहे हैं। इसकी प्रोड्यूसर दीपिका चिखलिया हैं। भोजपुरी मूवी 'बिटिया दुर्गा माई के' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक लड़की मां दुर्गा की भक्त है। मां दुर्गा भी हर कदम पर उसका साथ देती हैं। उस लड़की की शादी हो जाती है। पर गांववाले और ससुराल वाले माता रानी की भक्ति के खिलाफ हैं। प्रधान खूब साजिश रचता है, पर मां दुर्गा और उनके भक्त के आगे उसकी सारी साजिशें विफल हो जाती हैं। 'बिटिया दुर्गा मईया के' के निर्माता दीपिका चिखलिया टोपीवाला हैं। निर्देशन दिनेश एस यादव का है। म्यूजिक भरत चौहान का है। दीपिका किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने रामानंद सागर की 'रामायण' में माता सीता का रोल निभाकर देशभर में सबका मान-सम्मान जीता था। अब वो एक्ट्रेस होने के साथ-साथ प्रोड्यूसर भी हैं। इस ट्रेलर को 24 घंटे में 1 लाख 45 हजार लोगों ने देख लिया है। लोग खूब रिएक्शन दे रहे हैं। एक ने कहा, 'जय माता दी'। दूसरे ने कहा, 'नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं।'





भारतीयता का रंग

भारतीय फ़ैशन विविध संस्कृति और प्रेरक डिज़ाइनों का एक अंतहीन स्रोत है। यही वजह है कि यह भविष्य के लिए भी टिकाऊ है। इसका स्थायित्व, प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल और हस्तनिर्मित प्रकृति को दुनिया भर में पसंद किया जाता है। इसकी वैश्विक अपील आज भी है और कल भी रहेगी।

## चाहिए नेचुरल लुक तो फाउंडेशन लगाते वक्त रखें इन बातों का ध्यान


जब कोई महिला मेकअप करने बैठती है तो उसके लिए सही तरह का फाउंडेशन का इस्तेमाल करना और सही से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। अगर आपका फाउंडेशन सही नहीं लगा है तो आपका बाकी का पूरा मेकअप खराब हो सकता है। खासकर दिक्कत उन महिलाओं के सामने आती है जो हमेशा नेचुरल मेकअप पर भरोसा करती हैं। अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं, तो सबसे पहले सही फाउंडेशन का होना बेहद जरूरी है। अगर ये आपकी स्किन टोन और टाइप के हिसाब का नहीं होगा तो हो सकता है कि इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा एक शेड डार्क या फिर एकदम सफेद दिखने लगे। अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल सही तरीके से करेंगी तो आपका लुक एकदम नेचुरल आएगा। क्या आप जानती हैं कि फाउंडेशन को लगाने से पहले सही से ब्लेंड करना चाहिए। ये जितना अच्छे से ब्लेंड होगा, उतना ही इसका लुक निखर कर आएगा। अगर आपके चेहरे पर पिंपल्स या अन्य दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर का इस्तेमाल स्वाभाविक है। ऐसे में इसका इस्तेमाल फाउंडेशन के बाद ही करें वरना कंसीलर की वजह से फाउंडेशन का शेड खराब हो सकता है। अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल कर रहीं हैं तो आपको इसे स्किन पर फैलाने के लिए ब्रश की मदद लेनी चाहिए, पर ध्यान रखें कि फाउंडेशन को ब्लेंड हमेशा ब्यूटी ब्लेंडर के साथ ही करना चाहिए। फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को सही से मॉश्चराइज जरूर करें। इससे ये सही से स्किन पर सेट होगा। इसके साथ ही कभी भी बिना प्राइमर के फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें। ब्यूटी ब्लेंडर से फाउंडेशन सेट करते वक्त हाथों को ज्यादा टाइट ना रखें।



## डीप नेक ब्लाउज में दिखेंगी स्टनिंग, अगर इन टिप्स को करेंगी फॉलो



जब हम साड़ी या लहंगा पहनते हैं तो उसमें स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज को कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल करवाते हैं। इनमें डीप नेक ब्लाउज यकीनन काफी स्टाइलिश लगते हैं। डीप नेक ब्लाउज आपको एक स्टेटमेंट लुक देते हैं। हालांकि, इन्हें सही तरह से स्टाइल करना बेहद जरूरी होता है, ताकि आप एलीगेंस के साथ इसे कैरी कर सकें।



अगर डीप नेक ब्लाउज को सही तरह से स्टाइल ना किया जाए तो इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको डीप नेक ब्लाउज को पहनते समय ध्यान में रखना चाहिए-

### ब्लाउज के साथ ब्रा पर दें ध्यान

जब आप डीप नेक ब्लाउज को स्टाइल कर रही हैं तो आपको उसके साथ-साथ ब्रा पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपकी ब्रा सही नहीं होगी तो यह ब्लाउज में विजिबल होगी। ऐसे में आपका पूरा लुक ही बिगड़ जाएगा। कोशिश करें कि आप ऐसी ब्रा चुनें, जो आपके ब्लााउज की नेकलाइन को कॉम्पलीमेंट करती हो। आप चिपकने वाली या सिलिकॉन ब्रा पहन सकती हैं।



### स्टाइलिश हो एक्सेसरीज

जब आप डीप नेक ब्लाउज कैरी करती हैं तो उसके साथ सही एक्सेसरीज पहनकर आप एक स्टेटमेंट लुक कैरी कर सकती हैं। मसलन, डीप नेक ब्लाउज के साथ चंकी नेकलेस या चोकर स्टाइल किया जा सकता है।

### फिटिंग को करें चेक

डीप नेक ब्लाउज में आपका लुक तभी अच्छा लगता है, जब

## बिना काटे दोमुंहे बालों से इस तरह पाएं छुटकारा, जानिए टिप्स एंड ट्रिक्स

अगर आप दोमुंहे बालों की समस्या से परेशान हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए घरेलु नुस्खे आजमा सकती हैं। स्प्लिट एंड्स यानि दोमुंह बाल तब होते हैं जब बाल बहुत रुखे हो जाते हैं, जिसकी वजह से छल्ली, जो बालों की सबसे ऊपरी सुरक्षात्मक परत होती है, बालों के सिरों से अलग हो जाती है और फिर सिरे दो भागों में



बंट जाते हैं। बालों के सिरों को समय-समय पर ट्रिम करना दोमुंहे बालों को रोकने का एक आसान तरीका है। लेकिन आप कई घरेलू उपचार या फिर टिप्स की सहायता से इस समस्या से छुटकारा पा सकती हैं। दोमुंहे बालों को कम करने आप गर्म तेल की मदद ले सकती हैं। बस आप हफ्ते में दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके अपने बालों में लगाएं। साथ ही, दोमुंहे बालों के सिरों पर भी लगाएं। फिर एक तौलिये को गर्म पानी में डुबोएं और पानी को निचोड़ें। फिर गर्म तौलिया को सिर पर पगड़ी की तरह लपेट दें। इसे 5 मिनट तक लगाकर ऐसे ही रहने दें। आप अपने सिर पर गर्म तौलिया को लपेटने की प्रक्रिया को कम से कम 3 से 4 बार दोहराएं। यह बालों और स्कैल्प के तेल को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे दोमुंहे बाल खुद ही ठीक हो जाते हैं।

## घर पर फुट स्पा करते हुए इन टिप्स को करें फॉलो

पूरा दिन काम करने के बाद जब हम थक जाते हैं तो खुद को रिलैक्स करने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है फुट स्पा। अक्सर छुट्टी के दिन खुद को पैम्पर करने के लिए या फिर अपनी थकान दूर करने के लिए हम घर पर ही फुट स्पा करते हैं। यह यकीनन खुद को आराम पहुंचाने का एक अच्छा तरीका है।

लेकिन जब आप घर पर फुट स्पा कर रहे हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। घर पर फुट स्पा करते हुए आपको हेल्प करने वाला कोई नहीं होता है, इसलिए आपको सारी तैयारी खुद ही करनी होती है। तो चलिए आज इस लेख में हम कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको फुट स्पा करते हुए ध्यान में रखना चाहिए-

### अपने सामान को करें इकट्ठा

अगर आप घर पर फुट स्पा कर रही हैं तो ऐसे में आपको सबसे पहले सारा सामान इकट्ठा करना चाहिए। दरअसल, जब आप फुट स्पा करती हैं तो ऐसे में बीच में आपको सामान देने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए, आप फुट स्पा के दौरान काम में आने वाली चीजें जैसे टब, एप्सम सॉल्ट, गर्म पानी, तौलिए, फुट स्क्रब, मॉइश्चराइजिंग लोशन, नेल क्लिपर, फाइल आदि को एक जगह रखें। इससे आपके लिए फुट स्पा



करना अधिक रिलैक्सिंग होगा।

### पैरों को करें प्रिपेयर

सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन फुट स्पा करने से पहले अपने पैरों को प्रिपेयर करना भी उतना ही जरूरी होता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप पहले अपने नेल्स को काटकर शेप दें। साथ ही, अगर नेल्स पर नेल पॉलिश लगी है तो उसे रिमूव कर दें और पैरों को अच्छी तरह धो लें। इस तरह जब आप पहले पैरों को प्रिपेयर करते हैं तो फुट स्पा के दौरान आपको अधिक आसानी होगी।

कार्नर न्यूज

ये टिप्स मदद करेंगे आपको अच्छे से ग्रूम होने और बने रहने में

## चाहिए 'ग्रूम्ड मेन' का टाइटल तो इन बातों को कीजिए लाइफस्टाइल में शामिल, लोग बिना झिझक करेंगे तारीफ

'ग्रूम्ड मेन' कौन नहीं कहलाना चाहेगा? आप भी ऐसा चाहते ही होंगे। पर इसके लिए आपने किया क्या है? अच्छे से तैयार हो जाते हैं? बस...अगर हां तो कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बिना आप 'ग्रूम्ड मेन' वाले रास्ते पर बिल्कुल नहीं चल रहे हैं। ऐसा करने के लिए आपको कुछ खास बातें अपनी लाइफस्टाइल में शामिल करनी होंगी। ये टिप्स आपको अच्छे से ग्रूम होने और बने रहने में मदद करेंगी वो भी पूरी लाइफ-

### टाइम पर हेयर कट

ज्यादातर पुरुष जब समय मिलता है या फिर जब बालों से दिक्कत होने लगे तब ही बाल कटाने जाते हैं। लेकिन बालों के बढ़ते ही फिर वही रूटीन कि 'ज्यादा बढ़ेंगे तब कटा लेंगे।' ये आदत गलत है। हर पुरुष के ग्रूम्ड लुक के लिए सही समय पर हेयर कट जरूरी है। और ये नियम फिक्स होना चाहिए। आपको फिक्स अपॉइंटमेंट पर हर कुछ दिन में हेयर कट करा ही लेना चाहिए।

आपकी वाली खुशबू



आप पूरी तरह से तैयार हैं और आपसे एक खास तरह की खुशबू भी आ रही है तो आप ग्रूम्ड मेन वाले खांचे में आसानी से फिट बैठ पाएंगे। इसके लिए आपको अपनी एक खास खुशबू चुननी होगी। आप एक या दो क्लासिक खुशबू चुन सकते हैं। आमतौर पर वुडी, स्पाइसी और हर्बी ब्लेंड जाड़े में अच्छे से काम करता है।

### दांतों का रखिए ध्यान

जैसे आपकी आंखें, आपके दिल का हाल कह देती हैं, ठीक वैसे ही आपके दांत भी आपके कैरेक्टर को बयां कर देते हैं। अपनी ग्रूमिंग करने हुए दांत की सफाई में आप कितना समय देते हैं? ज्यादातर लोग कहेंगे कि रूटीन वाली सफाई करते ही हैं। लेकिन दांत अच्छे से साफ करने के लिए आपको इनका ज्यादा ध्यान रखना होगा। रिसर्च कहती हैं इलेक्ट्रिक ब्रश 11 प्रतिशत ज्यादा सफाई करते हैं। आप इनका इस्तेमाल करें और माउथ वॉश भी जरूर करें।

स्क्रब भी करें इस्तेमाल

स्क्रब एक ऐसा प्रोडक्ट है जो अभी भी ज्यादातर लोगों की ग्रूमिंग में शामिल नहीं हुआ है। जबकि स्क्रब का नियम से इस्तेमाल स्किन को हमेशा जवां रखता है। स्क्रब वो लें जिसमें नेचुरल इंग्रिडिएंट्स हों जैसे ओट्स, एप्रिकॉट। इसको इस्तेमाल करने से स्किन की गंदगी निकल जाती है और ये फ्रेश एकदम हो जाती है।

### डार्क सर्कल का करें उपाय

अगर समय की आपाधापी और नींद की कमी से आपकी आंखों के आसपास डार्क सर्कल हो गए हैं तो इनका इलाज भी आपको कर लेना

